दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में प्रसारित!

R.N.I.68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा गुरुवार 13 मार्च 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 653



## संक्षिप्त खबरें ।

### जमीन विवाद में फायरिंग से दहला नालंदा का गाजीपुर गांव, गोली लगने से 3 लोग घायल



**लोकतंत्र की आवाज**

**नालंदा।** नालंदा के गाजीपुर गांव में बुधवार (12 मार्च) को जमीन विवाद (छंल्र्ली ऊरस्त्र४३ी) ने हिंसक रूप ले लिया. पूरी घटना राजगीर थाना इलाके की है. सरकारी जमीन पर रखी थ्रेशर मशीन हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया. देखते ही देखते पूरा गांव गोलियों से दहल उठा. गोलीबारी में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की मिलते ही पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया. तुरंत डीएसपी समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा. गोलीबारी में घायल तीनों लोग एक ही पक्ष के बताए जा रहे हैं. घायलों की पहचान नीतीश कुमार, सियाशरण यादव और सीटू यादव के रूप में हुई है. तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पावापुरी विम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उनकी हालत नाजुक बनी हुई है. गोलीबारी की घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है.

**पहले भी दोनों पक्षों में कई बार हो चुका विवाद :** ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी दोनों पक्षों के बीच कई बार छोटे-मोटे झगड़े हो चुके थे लेकिन इस बार मामला बहुत गंभीर हो गया. गांव वालों ने प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गांव के सुनील यादव और जख्मी पक्ष के बीच पहले से ही जमीन विवाद चल रहा था. जिस जमीन पर थ्रेशर मशीन रखी गई थी वह सरकारी जमीन बताई जा रही है. इसी जमीन को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि गोली चल गई.

**गांव में भारी संख्या में पुलिसबल तैनात :** घटना की सूचना मिलते ही राजगीर थाने में पदस्थापित दारोगा संजीव कुमार सिंह दल-बल के साथ पहुंचे. संजीव कुमार ने बताया कि यह पूरा विवाद सरकारी जमीन को लेकर था, जिसके बाद गोलीबारी हुई. एक पक्ष से तीन लोगों को गोली मारकर घायल कर दिया गया है.

# बिहार विधान परिषद में नीतीश और राबड़ी देवी के बीच तीखी बहस, मुख्यमंत्री बोले- 'खाली अंड-बंड'

**राजद नेता राबड़ी देवी ने कहा कि सीएम अपने पावर में नहीं हैं, बल्कि बीजेपी-आरएसएस को पूरा पावर दे दिया है. उन्होंने सीएम पर महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाया.**

**लोकतंत्र की आवाज**



**पटना।** बिहार विधान परिषद में आज (बुधवार) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व सीएम राबड़ी देवी के बीच तीखी बहस हो गई. राबड़ी देवी ने सदन में कहा कि बिहार में कुछ काम नहीं हुआ जिसके बाद सीएम नीतीश ने उनका विरोध जताते हुए कहा कि आरजेडी के शासन में कोई काम नहीं हुआ. इस दौरान सभापति अवधेश नारायण सिंह ने खुद खड़े होकर सीएम नीतीश कुमार और राबड़ी देवी को बैठने के लिए कहा.

नीतीश कुमार ने राबड़ी देवी से कहा कि आरजेडी के शासनकाल में महिलाओं के लिए कोई काम नहीं हुआ था और कितना ज्यादा हम लोगों ने महिलाओं के लिए काम किया है. राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए सीएम नीतीश ने कहा, ₹यह लोग पहले लड़कियों को पढ़ाते नहीं थे. 5वीं क्लास के बाद कोई लड़की पढ़ नहीं पाती थी. कुछ नहीं जानती हो, बीच में हम लोग राजद को ले लिए थे मगर कोई काम नहीं करता था इसलिए हटाए. अब जिनके साथ हैं अब हम हमेशा उनके साथ ही रहेंगे.

**'हमने हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा खत्म किया' :** सीएम ने कहा, ₹ई लोग कोई काम किया है नहीं. खाली अंड-बंड बोलता है. हम लोगों ने ही हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा खत्म किया था. मुसलमान के लिए हमने कितना काम किया है.

**बीजेपी उनकी सरकार चला रही है: राबड़ी देवी :** दूसरी ओर राबड़ी देवी ने सदन के बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम नीतीश पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि नीतीश कहते हैं कि 2005 से पहले कोई महिला कपड़ा नहीं पहनती थी तो प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बताएं कि उनके घर की महिलाएं कपड़ा पहनती थी या ऐसे ही घूमती थीं? ये सरकार निकम्मी है. नीतीश अपने से सरकार नहीं चला रहे बल्कि बीजेपी उनकी सरकार चला रही है.

**'बीजेपी-आरएसएस को पावर दे दिया' :** राबड़ी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने पावर में नहीं हैं बल्कि बीजेपी और आरएसएस को पावर दे दिया है इसलिए अपराध बढ़ रहा है. सीएम नीतीश महिलाओं का अपमान करते हैं. उनके करीबी 4-5 नेता उन्हें उल्टा-सीधा बोलने के लिए कहते हैं वे नीतीश की बेइज्जती कराते हैं. राबड़ी देवी ने विधान परिषद पोर्टिको में कांग्रेस विधान पार्षदों के साथ धरना पर भी बैठीं. कई मुद्दों पर नीतीश सरकार से जवाब मांगा गया.

## 'सब कोई जाए भाड़ में अपन कुर्सी के जुगाड़ में', नीतीश कुमार पर भड़के तेजस्वी यादव

**लोकतंत्र की आवाज**



**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला किया है. बुधवार (12 मार्च, 2025) को विधानसभा परिसर में पत्रकारों से कहा तेजस्वी यादव ने कहा कि हम तो कहेंगे भगवान उनको (नीतीश कुमार) जल्द से जल्द स्वस्थ करें. अब हालत गंभीर हो गई है. बिहार के लोगों को चिंता करनी चाहिए. हर एक व्यक्ति सोच रहा है कि इस अवस्था में सरकार कैसे चल रही है? तेजस्वी ने कहा, 14 करोड़ लोगों की जिंदगी और भविष्य का सवाल है. जिसके हाथ में कमान है, जो अचेत अवस्था में है, जिसकी स्थिति ठीक नहीं है, अब बिहार के लोगों को सोचना पड़ेगा और लोग सोच भी रहे हैं.₹ सीएम पर तंज कसते हुए कहा, सब कोई जाए भाड़ में अपन कुर्सी के जुगाड़ में, यही है नीतीश कुमार।

**'लालू और नीतीश कुमार में कोई तुलना नहीं':** आज (बुधवार) विधान परिषद में नीतीश कुमार और राबड़ी देवी में नोकझोंक हुई. इसको लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि महिलाओं पर ही न गरमाएंगे न, प्रथम महिला (राबड़ी देवी) मुख्यमंत्री हैं. अब क्या ही बोलें. तेजस्वी ने आगे कहा, ₹इस तरह का बयान कि हमने इसके हसबैंड को बनाया हमने उसके हसबैंड को बनाया, अरे लालू जी ने कितने प्रधानमंत्री को बनाया. आपसे पहले तो वो कई बार एमपी- एमएलए बन चुके हैं. नीतीश कुमार को तो तेजस्वी ने दो बार मुख्यमंत्री बनाया. कहां लालू जी पर जा रहे हैं? लालू जी और नीतीश कुमार में कोई तुलना नहीं हो सकती है. ना नीति है नीतीश कुमार जी के पास ना सिद्धांत है ना विचारधारा है. लालू यादव ने विचारधारा से समझौता नहीं किया.

तेजस्वी यादव ने लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल उठाया. उन्होंने आरा में तनिष्क शोरूम में हुई लूट का मामला उठाया. कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते करते हुए कहा कि कई-कई अपराधियों को इन्होंने (नीतीश कुमार) छुड़वाया. कानून बदल देते हैं. जो लोग चोरी-डकैती में पकड़े गए वो पहले भी चोरी-डकैती में पकड़े गए थे तो वो छूटे कैसे? नीतीश कुमार कहते हैं कार्रवाई करते हैं. एक्शन लेते हैं. ये बेतुका बयान है. मुख्यमंत्री को कोई जानकारी नहीं है. ये जानकारी होनी चाहिए कि पुलिस के लोग अदालत तक ले जाते-जाते अपराधियों को सजा नहीं दिलवा पाते हैं.

## 'बलूचिस्तान ट्रेन हाईजैक के पीछे भारत' शहबाज सरकार का बड़ा आरोप

**लोकतंत्र की आवाज**



**लाहौर।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मंगलवार (11 मार्च, 2025) को बलूच विद्रोहियों ने एक ट्रेन को अगवा कर लिया, जिसमें 500 से ज्यादा यात्री सवार थे. इस आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने ट्रेन हाईजैक को लेकर भारत पर गंभीर आरोप लगाए हैं.

इससे पहले बलूच विद्रोहियों ने सामान्य नागरिकों, महिलाओं और बच्चों को रिहा कर दिया गया, जबकि पाकिस्तानी सेना के जवानों, खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों को बंधक बना लिया गया है. समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है और ट्रेन को पटरी से उतारने का दावा किया है. बलूच विद्रोहियों ने 214 यात्रियों को बंधक बनाने का भी दावा किया है.

**अफगानिस्तान में होती है प्लानिंग:** राणा सनाउल्लाह ने आगे कहा, 'अफगानिस्तान में बैठकर वे हर तरह की साजिश रचते हैं. पाकिस्तान के दुश्मन सक्रिय हैं और इसमें अब कोई दूसरी राय नहीं है. यह न तो कोई राजनीतिक मसला है और न ही किसी एजेंडे का हिस्सा, बल्कि एक साजिश है.' उन्होंने भारत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, 'हां, भारत तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूच लिबरेशन आर्मी दोनों का समर्थन कर रहा है.

**अफगान सरकार को दी चेतावनी :** उन्होंने यह भी दावा किया कि अफगानिस्तान में उनके पास सुरक्षित ठिकाने हैं, जिसकी वजह से उनके हमले बढ़ गए हैं. तालिबान के सत्ता में आने से पहले उन्हें इतनी छूट नहीं थी, लेकिन अब वे खुलेआम गतिविधियां चला रहे हैं. राणा सनाउल्लाह ने चेतावनी देते हुए कहा, 'हमने अफगान सरकार से साफ कह दिया है कि वह इन गतिविधियों को तुरंत रोके, नहीं तो पाकिस्तान खुद कार्रवाई करते हुए उन ठिकानों को निशाना बनाएगा।

### भारत पर लगाए गंभीर आरोप

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने बलूचिस्तान ट्रेन अपहरण कांड को लेकर भारत पर निराधार आरोप लगाए हैं. राणा सनाउल्लाह ने दावा किया कि 'इस हमले के पीछे भारत का हाथ है.' उन्होंने समाचार एजेंसी डॉन से बातचीत में कहा, 'अफगानिस्तान के अंदर से भारत इन हमलों को संचालित कर रहा है.' जब डॉन के एंकर ने उनसे पूछा, 'क्या तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूच विद्रोहियों के बीच कोई संबंध है? क्या टीटीपी बलूचों को समर्थन देता है?' तो इसके जवाब में राणा सनाउल्लाह ने कहा, 'ये सब इंडिया कर रहा है, इसमें कोई शक नहीं है. इसके बाद बलूच विद्रोहियों को अफगानिस्तान में सुरक्षित ठिकाना मिल जाता है.'

## आस्था-सियासत के बीच बिहार चुनाव पर बाबा बागेश्वर का होगा गहरा असर

**लोकतंत्र की आवाज**



**पटना।** बिहार में इस साल अक्टूबर या फिर नवंबर के आसपास विधानसभा का चुनाव होना है. लेकिन अभी से ही रमजान और होली के पहले हिंदू और मुसलमान की सियासत हो रही है. बिहार आने के बाद कथावाचक बाबा बागेश्वर लगातार हिन्दू राष्ट्र की वकालत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि हिन्दू राष्ट्र बनेगा तो बिहार पहला राज्य होगा. स्वाभाविक रूप से बीजेपी का यही एजेंडा है.

बिहार की जहां बाकी पार्टियां जाति की राजनीति करतीं हैं तो दूसरी तरफ उसकी काट में बीजेपी की तरफ से लोगों को इसके खिलाफ एकजुट करने का प्रयास किया जाता है. मंडल के जवाब में कमंडल मजबूत करने की कोशिश होती है. अभी पूरे देश में प्रयागराज महाकुंभ को लेकर जो एक धर्म और आस्था परवान चढ़ा, इसके बाद बाबा बागेश्वर बिहार पहुंचे. पांच दिन की उनकी कथा में लोगों की भारी भीड़ जुटी.

अपने अंदाज में बाबा बागेश्वर ने हिन्दू राष्ट्र की वकालत की. वे कहते है कि हिन्दुओं को एकजुट करेंगे और इसके लिए बकायदा पदयात्रा भी करेंगे. कुछ दिन पहले मध्य प्रदेश में बाबा बागेश्वर ने पदयात्रा की थी. उसके बाद वे उत्तर प्रदेश में करने जा रहे हैं और फिर बिहार में करेंगे. बाबा बागेश्वर ने तो बिहार में अपना घर भी बनाने की बात की थी. स्वभाविक रुप से एक हिन्दू की भावना को उभार देना, इसको यही कहा जाएगा. भले ही वह कहें कि ऐसा वे किसी खास पार्टी के लिए नहीं कर रहें हैं.

**मंडल की काट में कमंडल की मजबूती :** जब हिन्दू एजेंडा सिर्फ और सिर्फ बीजेपी का है तो स्वाभाविक रूप से उसका लाभ बीजेपी को मिलेगा. साधु-संतों को अपने साथ लाना और उसके माध्यम से अपनी राजनीति को आगे बढ़ाना, ये तो शुरु से बीजेपी की रणनीति रही है. देश अयोध्या के राम मंदिर का वो आंदोलन नहीं भूला है, जहां पर राजनीति थी लेकिन साधु-संतों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था. एक बात जरूर ये है कि संविधान में भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है. अगर कोई हिन्दू राष्ट्र की बात कर रहा है तो वे संविधान सम्मत नहीं है. एक ओर जहां दक्षिण भारत से सनातन के खिलाफ आवाज उठी है, वो भी एक सियासत ही है.

श्री श्री रविशंकर भी बिहार पहुंचे. पटना के गांधी मैदान में उनकी भी कथा हो रही है. उनका भी यही एप्रोच है कि हिन्दू राष्ट्र और हिन्दुओं को ताकतवर बनाया जाए. कुल मिलाजुला कर चुनाव के साल में सियासत शुरुआत हो चुकी है. विपक्ष के अंदर भी उसी तरह से उबाल है. पप्पू यादव ने बाबा बागेश्वर को फ्रॉड कह दिया. राष्ट्रीय जनता दल की भी कड़ी प्रतिक्रिया आयी. खउत्र के लोगों ने भी कहा धार्मिक उन्माद फैलाने की बाबा बागेश्वर की भरसक कोशिश है, कार्रवाई होनी चाहिए. साधु संत खास कर की कथा वाचक को इस तरह की बातों से बचना चाहिए.

### बिहार चुनाव पर होगा असर

दरअसल, बयानों से इतर अगर हकीकत पर गौर करेंगे तो ये पाएंगे कि होली और रमजान को बेवजह ही मुद्दा बनाया जा रहा है. होली तो भाईचारे का त्योहार है. संयोग से एक लंबे काल के बाद होली के दिन ही रमजान हो रहा है. ऐसे में कई नेताओं की तरफ से अनाप-शनाप ऐसे बयान दिए जा रहे हैं. एक नेता ने ये बयान दे दिया कि अगर मुसलमान को गुलाल से परहेज है तो वे उसे बेचना बंद करें. साल में 52 दिन जुमे का होता है तो एक दिन लेट करें या फिर न करें. ये सारी बातें सिर्फ चुनाव को लेकर ही हो रही है. हिन्दू-मुसलमान के नाम पर सियासत हो रही है. बिहार में 18 फीसदी मुसलमान है, जिसका वोट बीजेपी विरोध में ही अमूमन जाता है. वोट के लिए बहुत ही कड़ी प्रतिक्रिया दी जा रही है. जनसुराज पार्टी के संस्थापक पीके ने तो यहां तक कह दिया कि ये उनको हक नहीं है कि ऐसी बाबा बागेश्वर करें. उन्होंने इसके लिए बकायदा संविधान का हवाला दिया. इसके साथ ही, पीके ने बीजेपी को भी निशाने पर लिया और कहा कि अगर बीजेपी बाबा बागेश्वर की राय से सहमत है तो संविधान में संशोधन कर दें. और संविधान संशोधन का मुद्दा बनने पर जो खामियाजा हुआ वो बीजेपी लोकसभा में भुगत चुकी है.

## 25 नहीं 10 करोड़ 9 लाख की ज्वेलरी लेकर भागे थे लुटेरे

**आरा तनिष्क लूटकांड**

**लोकतंत्र की आवाज**

● **भोजपुर एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लूटकांड की पूरी जानकारी दी है. लूट का करीब 70 फीसद हिस्सा बरामद हो गया है**



**भोजपुर।** आरा में बीते सोमवार को तनिष्क शोरूम से 25 करोड़ नहीं बल्कि 10 करोड़ 9 लाख रुपये के गहने लूट कर बदमाश भागे थे. भोजपुर एसपी मिस्टर राज ने मंगलवार (11 मार्च, 2025) को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस संबंध में जानकारी दी. बताया कि आरा के नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक के पास स्थित तनिष्क शोरूम से लूट के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है.

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दिघवारा (सारण) निवासी भुवनेश्वर प्रसाद का बेटा विशाल गुप्ता और सेमरा (सोनपुर) निवासी प्रदीप राय का बेटा कुणाल कुमार शामिल है. इनके पास से दो पिस्टल, 10 कारतूस, एक पल्सर बाइक और सोने के जेवरात से भरे दो झोले भी बरामद किए गए हैं.

**तीन झोले में भरकर गहने ले गए थे लुटेरे :** एसपी राज ने बताया कि घटना के बाद गिरफ्तारी के क्रम में पकड़े गए अभियुक्तों की तरफ से पुलिस पर हमला किया गया था. पुलिस ने आत्मसुरक्षा में जवाबी कार्रवाई की जिसमें आरोपी घायल हो गए. उनका इलाज चल रहा है. लुटेरे तीन झोले में गहने लेकर भागे थे. सीसीटीवी में यह दिखा था. इनमें से दो झोले पुलिस ने बरामद कर लिए हैं. इसका आकलन कर एफआईआर भी दर्ज की गई है. एफआईआर के अनुसार 10 करोड़ 9 लाख के जेवरात की लूट हुई है.

**लूट की ज्वेलरी का 70 फीसदी हिस्सा बरामद :** दूसरी ओर तनिष्क शोरूम के गार्ड से जो हथियार छीना गया था वो भी अभियुक्तों की निशानदेही पर सोमवार की रात को बरामद कर लिया गया है. भोजपुर एसपी ने बताया कि लूट के बाद तनिष्क शोरूम के लोग 25 करोड़ का आकलन कर रहे थे, लेकिन स्टॉक मिलाने के बाद पता चला कि 10 करोड़ 9 लाख के जेवरात की लूट हुई है. लूटे गए जेवरात का करीब 70 फीसद हिस्सा बरामद कर लिया गया है. लूट में कुल छह अपराधी शामिल थे.

**महिला कर्मचारी का वीडियो वायरल :** इन सबके बीच एक महिलाकर्मी की हिम्मत की चर्चा भी हो रही है जिसका वीडियो वायरल हो रहा है. जब शोरूम में घुसे बदमाशों ने पूरे स्टाफ को हथियारों के दम पर बंधक बना लिया था तो इसी दौरान एक महिलाकर्मी जान पर खेलकर जेवर बचाती दिख रही थी. वो रैक में रखे गहनों को निकालकर नीचे छुपा रही थी. इसी दौरान एक बदमाश पिस्टल लेकर पहुंच गया और उसे आगे चलने को कहा. ज्वेलरी छुपाने का वीडियो अब वायरल हो रहा है और महिला की चर्चा हो रही है.

## होली के रंग के आगे सियासी विरोध फीका, यूं मिले उट हेमंत सोरेन और बाबूलाल मरांडी

**लोकतंत्र की आवाज**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के चालू बजट सत्र में मंगलवार (11 मार्च) की कार्यवाही के बाद विधानसभा परिसर में पक्ष-विपक्ष ने एक साथ होली की खुशियां बांटीं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, सरकार के मंत्रियों और विधायकों ने होली के गीतों के बीच एक-दूसरे पर फूलों की बारिश की और अबीर-गुलाल लगाए. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्त झारखंडवासियों को पवित्र त्योहार होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी. उन्होंने मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार निकट है, रंगों के इस त्योहार को हम सभी लोग उत्सव के रूप में मनाना शुरू कर चुके हैं.

**प्रेम और सौहार्द्र के साथ होली का त्योहार मनाएं- हेमंत सोरेन :** उन्होंने कहा, ₹मैं उम्मीद करता हूं कि इस होली त्योहार के विविध रंगों की तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि और खुशहाली आए. कामना है कि आप सभी लोग स्वस्थ रहें और एक सुंदर वातावरण में आपसी प्रेम और सौहार्द्र के साथ यह त्योहार मनाएं. विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा, "सदन के अंदर पक्ष-विपक्ष के लोग अपने मुद्दे रखते हैं और इस क्रम में एक-दूसरे से असहमति भी जताते हैं. यही विधायी प्रक्रिया है. लेकिन, सदन के बाहर हम सारे लोग एक साथ त्योहार की खुशियां बांट रहे हैं. सामाजिक तौर पर हममें कोई विभेद नहीं होना चाहिए.

## बिहार के आरा में एक ही परिवार के 5 लोगों ने खाया जहर, 3 की मौत, आरा की घटना

**लोकतंत्र की आवाज**



**भोजपुर।** बिहार के आरा में मंगलवार (11 मार्च, 2025) की रात दो बेटों और दो बेटियों को जहर देने के बाद पिता ने खुद भी जहर खा लिया. एक ही परिवार के पांच लोगों में से तीन की मौत हो गई है. पिता और एक 10 साल के बेटे की स्थिति गंभीर बनी हुई है. घटना जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बेनवलिया गांव की है. एक पिता ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसका स्पष्ट कारण अभी तक पता नहीं चला है.

बताया जाता है कि अचानक जब सबकी तबीयत खराब हुई और घर से चीखने-चिल्लाने की आवाज आने लगी तो पड़ोसी पहुंचे. दरवाजे को तोड़कर सबको इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया. यहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया. हालांकि इन्हें पटना ना ले जाकर बाबू बाजार स्थिति निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. इलाज के दौरान अरविंद कुमार की 5 वर्षीय बेटी पलक, 7 वर्षीय बेटा टोनी कुमार और 13 वर्षीय बेटी नंदनी कुमारी की मौत हो गई. 40 वर्षीय अरविंद कुमार और उनके 10 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार का इलाज चल रहा है. बता दें कि यहां उम्र करीब में दिया गया है.

**पूड़ी खिलाने के बाद सबको दूध दिया और...:** आदर्श ने बताया कि उसकी मां की मौत आठ महीने पहले बीमारी के कारण हो गई थी. पिता अंदर से टूट गए थे. कुछ दिनों के बाद से वो बेनवलिया बाजार में एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाने लगे. रात में हम लोगों को पूड़ी खिलाया. उसके बाद सभी को एक-एक ग्लास दूध दिया था. उन्होंने खुद भी दूध लिया था. कुछ देर बाद उल्टी होने लगी. पेट में दर्द होने लगा. घर पर कोई नहीं था. ग्रामीण गुप्तेश्वर प्रसाद ने बताया कि गांव में बारात आई थी. सभी लोग उसी में शामिल होने के लिए गए थे. इसी बीच अरविंद के भतीजे ने फोन किया कि सबकी तबीयत खराब हो गई है. आरा लेकर जा रहे हैं. आरा आने के बाद सूचना मिली कि सबने जहर खाया है.

## संक्षिप्त खबरें

### सिरदला: फूल बागान चौक पर व्यवसाईयों ने मनाया होली मिलन समारोह



प्रदीप प्रसाद संवाददाता

**सिरदला नवादा।** प्रखंड के स्थानीय बाजार फूल बागान चौक सिरदला में व्यवसाईयों तथा दुकानदारों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली मिलन मनाया। इस अवसर पर सभी दुकानदार उमंग उत्साह के रंग में रंगे दिखे। रंगों के इस पर्व में व्यवसाययों ने अपनी एकता और भाईचारे का संदेश दिया है। तथा व्यवसायी रंजीत कुमार ने आपसी एकता और सहयोग को मजबूत करने पर बल दिया। वहीं समाज सेवी महेंद्र लाल ने कहा कि व्यवसायी एकजुट होकर कार्य करें तो न केवल व्यापारिक चुनौतियों का सामना किया जा सकता है, बल्कि व्यवसाय को ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है। मौके पर पवन गुप्ता, लालजीत पंडित, प्रकाश यादव, उपेंद्र राजवंशी, धीरज राजवंशी, सुरेश साव, शंकर दास दबगर, सोनू सैमसंग, अमित कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता समेत दर्जनों व्यवसाय उपस्थित थे।

### काशीचक : प्रधानमंत्री आवास के नाम पर लाभुकों से किया जा रहा है दोहन

**काशीचक (नवादा)।** प्रखंड के पार्वती पंचायत में प्रधानमंत्री आवास सूची में नाम डालने के नाम एवं स्वीकृति मिलने उपरांत लबों से 25 से 30 हजार की वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मुखिया पति टोला सेवक राकेश कुमार ने मोबाइल पर बताया कि इंदिरा आवास सहायक सूची में डालने के नाम पर स्वयं एवं दलालों के द्वारा प्रति व्यक्ति 25 सौ रुपए की वसूली कर रहे हैं। वही जब इस संबंध में आवास सहायक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मुखिया के पति के द्वारा ही प्रति व्यक्ति 20 हजार की वसूली की जा रही है। उन्होंने एक वीडियो भेजते हुए कहा कि आप अखबार में लिखना चाहते हैं तो वीडियो फुटेज के आधार पर आप समाचार बना सकते हैं इस आरोप प्रत्यारोप में एक को जहां आम जनता का दोहन हो रहा है वहीं इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी भी लगाम लगाने में सक्षम नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। मुखिया पति टोला सेवक राकेश कुमार नित्य दिन हजारी बनाकर पंचायत के राजनीतिक करने में लगे रहते हैं इस संबंध में जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक दयानंद से बात किया गया तो उन्होंने कहा टोला सेवक प्रत्येक दिन विद्यालय में रहकर बच्चों को शिक्षा देते हैं।

### बच्चों की लिखित परीक्षा शुरू

धर्मेंद्र कुमार शर्मा



**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड के 128 प्रारंभिक विद्यालयों में वार्षिक मूल्यांकन के अंतर्गत वर्ग 3 से 8 तक का लिखित परीक्षा 12 मार्च से शुरू हुआ। परीक्षा 20 मार्च तक चलेगी। सभी शिक्षकों को वीक्षण कार्य हेतु प्रतिनियुक्ति अन्य विद्यालयों में किया गया है। प्रथम पाली में वर्ग 3 से 5 तक और द्वितीय पाली में वर्ग 6 से 8 तक के बच्चों की गणित की परीक्षा हुई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार (पश्चिमी) के शिक्षक संतोष कुमार एवं प्रीति कुमारी की प्रतिनियुक्ति प्राथमिक विद्यालय केशोचक में की गई है। शोभा कुमारी, सुनीता कुमारी, धीरज कुमार एवं उजाला कुमारी की प्रतिनियुक्ति राजकीय कन्या मध्य विद्यालय पकरीबरावां में किया गया है। परीक्षा का जायजा लिया जा रहा है।

### मारपीट मामले में एक गिरफ्तार

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के उकौड़ा गांव में छापेमारी कर राजेन्द्र चौधरी को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि मारपीट मामले में उसे गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि वारंटियों एवं कांडों के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# होली का त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं, डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने का दिया गया निर्देश: डीएम

लोक तंत्र कीआवाज






**नवादा।** होली त्योहार-2025 के अवसर पर जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान की अध्यक्षता में आज नगर भवन नवादा में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की गयी। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि होली का त्योहार इस वर्ष 13 मार्च से 16 मार्च 2025 तक मनाया जायेगा। 14 एवं 15 मार्च 2025 को रंगों भरी होली का त्योहार मनाया जायेगा। उन्होंने जिलेवासियों से आपसी भाईचारे के साथ होली का त्योहार मनाने की अपील की है। होली त्योहार को शांतिपूर्ण तथा भाईचारे के वातावरण में मनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा की व्यापक तैयारी की गई है। होली त्योहार को शांतिपूर्वक और भाईचारे के वातावरण में मनाने को लेकर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत जिले के 312 स्थानों पर विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं काफी संख्या में सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होकर विधि-व्यवस्था संधारण के लिए सजग और सतर्क रहेंगे। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंच कर अपने दायित्व का निर्वहण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। शांति भंग करने वाले या कानून को हाथ में लेने वाले असमाजिक तत्वों पर तत्काल विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। सोशल मीडिया पर भी गलत वीडियो/समाचार प्रकाशित करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। सभी संवेदनशील स्थलों पर सादे लिबास में पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। शरारती तत्वों पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सभी पदाधिकारियों को पूरी तरह चौकस रहने का निर्देश दिया गया है। विधि-व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में अपर समाहर्ता चन्द्रशेख आजाद व पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय श्री इमरान परवेज रहेंगे। सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रखंडों में शांतिपूर्ण होली पर्व संपन्न कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया है। जिले की हर प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है जिसका नम्बर-06324-212261 है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में श्री धीरज कुमार सिंहा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी-सह-वरीय प्रभारी पदाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा एवं पु0नि0, सचिन्द्र यादव लोक शिकायत निवारण कोषांग, पुलिस कार्यालय, नवादा रहेंगे। नियंत्रण कक्ष 13 से 16 मार्च 2025 तक 24 घंटे तीन शिफ्टों में कार्यरत रहेगा। सभी शिफ्टों में कई पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है साथ ही 13 सुरक्षित दण्डाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। आपात स्थिति से निपटने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष में अग्निशाम दस्ता, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा आदि की व्यवस्था की गई है। साथ ही अनुमंडल एवं थाना स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष के लिए दंगा नियंत्रण कंपनी, वज्रवाहन की प्रतिनियुक्ति की गई है। अग्निशाम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अग्निशाम दस्ता को हर समय तैयार रखेंगे, ताकि आपात स्थिति में ससमय नियंत्रण किया जा सके। विद्युत संबंधी समस्या से निपटने के लिए फ्यूज काल सेंटर (7033095811/7033095812) की स्थापना की गई है। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि जीवन रक्षक दवाओं के साथ, एंबुलेंस को चिकित्सा दस्ता के साथ नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त करें। साथ ही सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे चिकित्सा दल सक्रिय और सजग रहेंगे। उत्तेजक और अश्लील होली गायन पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। डी0जे0 पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। सभी डी0जे0 को निकटतम थाना में जमा कराना, अंचलाधिकारी/थानाध्यक्ष/ओपी अध्यक्ष सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा/हिसुआ/वारिसलीगंज तथा नगर पंचायत, रजौली अपने-अपने क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। बाईकर्स गैंग पर नियंत्रण रखने के लिए संबंधित थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया एवं अश्लील हरकत करने वालों पर तत्परतापूर्वक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि होली त्योहार 2025 को लेकर काफी चौकस और सावधान रहने की आवश्यकता है। अकसर अप्रिय घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए पूरी सतर्कता बरतें एवं किसी भी प्रकार की आसूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत करायें। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर, रजौली एवं पकरीबरावां तथा अधीक्षक, मद्य निषेध नवादा को निर्देश दिया गया है कि शराब के ठिकानों पर भी छापामारी करना सुनिश्चित करें। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे कर्तव्य, निष्ठा एवं कर्मठता के साथ सौंपे गये दायित्व को निभायेंगे ताकि त्योहार शांतिपूर्वक सम्पन्न हो। आज की इस बैठक में अपर समाहर्त्ता नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, डीसीएलआर नवादा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 24 घंटे के अंदर 65 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी: पुलिस अधीक्षक

लोक तंत्र कीआवाज

धर्म जीत सिन्हा



**नवाद।** पुलिस अधीक्षक, नवादा श्री अभिनव धीमान ने बताया कि 11 मार्च 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 01, हत्या के प्रयास में 08, अवैध खनन में 03, मद्य निषेध में 14 एवं अन्य गिरफ्तारी 39 कुल 65 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 539 लीटर महुआ शराब एवं 52.25 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 12 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 02 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 300 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 02 लाख 09 हजार 400 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 04, मोबाईल 02, तसला 04, चुलाई मशीन 02, गैस सिलेंडर 01 एवं गैस चूल्हा 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## बाप ने दिया ढोलक पर ताल तो बेटा ने छेड़ दिया फगुआ का राग, होली मिलन समारोह में 70 पार बुजुर्गों ने मचाया धूम

लोकतंत्र की आवाज



**नवादा 12 मार्च।** बाप ने लगाया ढोलक पर ताल बेटा ने छेड़ दिया फगुआ का राग - ₹ केकरा संग जाऊं, नइहर दूर बसत हैं / ससुरा भैसुरा संग लाज लगत है, देवरा के मन बेईमान हो।₹ सचमुच होली का त्यौहार ऊँच नीच, अमीर-गरीब ही नहीं रिश्तों के बीच का औपचारिक बन्धन भी तोड़ देता है। सदर प्रखण्ड के पटवासराय गाँव स्थित आंगनबाड़ी भवन परिसर में 70 पार के बुजुर्गो ने बुधवार को जम कर होली का आनंद उठाया और सामाजिक समरसता का सन्देश दिया। गाँव के शिक्षाविद सह सेवानिवृत शिक्षक अवधेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन समारोह में पारंपरिक फगुआ के साथ सामाजिक विडंबनाओं पर प्रहार करते हुए आधुनिक होली की भी धूम रही। 'नकबेसर कागा ले भागा' से लेकर ''चन्दा तोरे में गोरखधंधा' जैसे होली गीत पर बुजुर्गों में नई उमंग और नइ जोश का संचार देखा गया। खास बात ये रही कि नवादा समाहरणालय के सेवा निवृत लिपिक मथुरा पासवान ने ढोलक पर थाप लगाया तो उनके पुत्र मंझनपुरा के प्रधानाध्यापक संजय पासवान ने हारमोनियम पर संगत के साथ रसदार होली उड़ेल दी। ज्यूँ-ज्यूँ शाम ढलती गई ढोलक, हारमोनियम, झाँझ और करताल की गूंज तेज होती गई। इस उत्सव के विशिष्ठ अतिथि सेवानिवृत शिक्षक रामबिलास प्रसाद, रामरूप प्रसाद यादव, चन्द्रिका प्रसाद, समाजसेवी शम्भू विश्वकर्मा, मेडिकल कॉलेज के छात्र सुमित कुमार समेत गाँव के किशोरी राजवंशी, भरत नारायण सिंह, रामस्वरूप पासवान, रूपाली यादव, मिथु यादव, देवराज पासवान, सौदागर महतो, गोविन्द पंडित जैसे बुजुर्ग संस्कृतिकर्मी शामिल हुए और होली के समवेत स्वर के साक्षी बने।

## प्रवचन:वृंदावन की कथा वाचिका देवी प्रतिभा ने शतचंडी महायज्ञ के दौरान नप के खानापुर में सुनाई कथा

लोकतंत्र की आवाज





**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** जब जब धरती पर पाप व अत्याचार में वृद्धि होती है।तब भगवान पृथ्वी लोक पर आकर दुष्टों का संहार करते रहे है। इसी प्रकार जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तब भगवान श्रीकृष्ण को अवतरित होना पड़ा।पाप का पड़ा जब भर जाता है तब मनुष्य विवेक हीन हो जाता है। वही उसके नाश का कारण बनता है। अगर किसी कार्य को धर्म युक्त होकर किया जाता है तब भगवान प्रसन्न होते हैं। उक्त बातें अपने सातवें व अंतिम दिन सोमवार की श्रीमद्भागवत कथा के दौरान वृंदावन की कया वाचिका देवी प्रतिभा ने शतचंडी महायज्ञ के दौरान नप के खानापुर में कही। कथा के क्रम में राजा परीक्षित और सुखदेव मुनि के बीच श्रीमद्भागवत कथा संवाद की विवेचना करते हुए कही कि श्रीकृष्ण प्रेमवश कुल आठ शादियां किये,जिसमें सबसे पहले रुक्मिणी को हरण कर किये थे। बाद में जामबंती, सत्यभामा, कालिन्दी, मित्रविन्दा, सत्या, भद्रा तथा लक्ष्मणा के साथ विवाह रचाये थे।जबकि राक्षस नरकासुर के कारण श्रीकृष्ण को 16000 शादियां करनी पड़ी थी। कथा वाचिका ने कही कि महाभारत के अनुसार नरकासुर ने सोलह हजार कन्याओं को बंदी बना लिया था। फलतः श्रीकृष्ण ने राक्षस का उद्धार कर सभी बंदी कन्याओं को अपना अपना घर भिजवाया,परंतु कन्याओं के माता पिता लोक लज्जा से अपनाने से इनकार कर दिया। उक्त कन्याओं से 16 हजार स्वरूप प्रकट हो कर सभी कन्याओं से शादी रचाई थी।नप के खानापुर गांव में आयोजित शतचंडी महायज्ञ सात दिनों की कथा के दौरान महिला पुरुष श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। कथा वाचिका देवी प्रतिभा ने अंतिम कथा के दिन सभी को होली के दौरान वृंदावन आने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में यक्ष आयोजन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह तथा सचिव गणेश सिंह, आचार्य हरिनंदन पांडेय,वार्ड 23 के पार्षद राम पदारथ सिंह,कोषाध्यक्ष राम अनुग्रह सिंह,मोसमा पैक्स के अध्यक्ष मनोज प्रसाद,सुनील सिंह,भूषण सिंह,वीरेंद्र कुमार,संजीव कुमार,राजीव कुमार,मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

## उत्साह: दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी और रोजगार कर रहे क्षेत्रवासी लौटने लगे हैं अपने घर

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** रंगों का पर्व होली 13 मार्च को होलिका दहन से शुरू होगी। जो 16 मार्च को मगध में होने बाला बुढबा होली के साथ संपन्न हो होगी।लेकिन एक सप्ताह पहले से ही बाजार में पिचकारी व अन्य होली के साजो सामान की बिक्री जमकर हो रही है।जिसमें मुख्य रूप से रेडीमेड कपड़ा पिचकारी आदि की खरीदारी हो रही है।वही रंग गुलाल,पिचकारी व टोपियों से सजी बाजार की दुकानों पर लग रही खरीदारों की भीड़।जबकि बाजार की फुटपाथों पर हरे चने की पेड़ व हरे पते बाला प्यान तथा पताकोवी ने बाजार को बासंतिक रंग में रंग दिया है।लोग पहले बच्चों के लिए कुर्ता पायजामा व नए परिधानों की खरीदारी बाद रंग गुलाल एवं पिचकारी की खरीदारी करते देखे जा रहे हैं। पर्व को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।जबकि गांव देहातों में पारंपरिक होली गीत का गायन से सम्पूर्ण वातावरण होलीमय हो रहा है। पर्व को लेकर वारिसलीगंज के बाजार में आम दिनों को अपेक्षा काफी अधिक भीड़ देखी जा रही है। जिसमें हर आयु वर्ग के महिला, पुरुष व बच्चे शामिल होते हैं।कपड़े व रेडीमेड दुकान, रंग पिचकारी व हरी सब्जियों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देर शाम तक देखी जा रही है। विक्रेताओं द्वारा टाल क्षेत्र से हरा चना, पताकोबी, हरे पत्तेदार प्याज आदि बाजार में होली के निकट होने का एहसास करा रहे हैं।बता दें कि प्रखंड क्षेत्र का लगभग सभी घरों के लोग रोजी रोजगार या पढ़ाई के लिए दूसरे प्रदेश में रहते हैं। होली के मौके पर घर आना चाहते हैं जो शुरू हो गया है। जिस कारण महानगरों से आने वाली लगभग सभी रेलगाड़ी में खचाखच बिहार वारिस्यों की भीड़ भरी रह रही है।

**बाजार में बिक रही मिठाई मिलावटी या असली की जांच नहीं:** ऐसे तो बाजार में मिठाई सालों भर बिकती है। जिसे लोग खरीद कर खाते हैं। लेकिन पर्व त्यौहार के मौके पर मिठाई की मांग कई गुना बढ़ जाता है। जिस कारण मिलावटी और नकली मिठाई मिलने की आशंका बढ़ जाती है। जानकार लोग बताते हैं कि पर्व त्यौहार के मौके पर मांग बढ़ जाने से और लोकल स्तर पर उपलब्ध दूध की कमी के कारण नकली खोवा और नकली छेना का उपयोग मिठाई दुकानदारो द्वारा जमकर किया जाता है। हालांकि सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच कर उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। लेकिन कहीं कोई जांच अधिकारी किसी भी मिठाई दुकान में पहुंचकर जांच नहीं करते है।

> ● होली को लेकर गुलाल और टोपियों से सजी दुकानें, खरीदारी को उमड़

**होली के पहले ही हरे चने की शुरू हो जाती है बिक्री:** होली पर्व के दौरान लोगो के बीच किसानों के द्वारा उपजाए गए हरे चने से बना विभिन्न व्यंजन जिसमें बचका काफी लोकप्रिय होता है। हालांकि कुछ वर्ष पहले तक हर चना सिर्फ होली के समय बाजार में बिकती थी। लेकिन अब चना की फसल तैयार होने के साथ ही अच्छी कीमत मिलने के कारण किसान चने को व्यवस्तयियों के हाथों बेच देते हैं। जिससे होली के पहले से ही बाजार में हरा चना मिलना शुरू हो जाता है। बाजार में बिक हरे हरे चने की खूब खरीदारी हो रही है। जो अभी 25 से 30 रुपये प्रति किलो बिक रही है। होली में अधिकांश हिन्दू घरों में उड़द के वेशन से बना दहीवड़ा काफी लोकप्रिय होता है। मेहमानों के स्वागत के लिए दहीबड़ा एवं चने का बचका काफी स्वादिष्ट व्यंजन माना जाता है। जिसकी तैयारी गृहिणियों द्वारा कर ली गई है। होली को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## ग्रामीण चिकित्सकों को कालाजार बीमारी पर किया गया जागरूक, एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर में होली मिलन का आयोजन सम्पन

लोक तंत्र कीआवाज



**बख्तियारपुर।** 'सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बख्तियारपुर के सभागार में एक दिवसीय कालाजार बीमारी पर केंद्र के माननीय प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेश कुमार सिन्हा के द्वारा प्रशिक्षण देकर ग्रामीण चिकित्सकों को जनहित में जागरुक कर सजग और सतर्क रहने की प्रभारी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन्हीं ग्रामीण चिकित्सकों के कंधे पर सरकारी अस्पताल के अलावे प्राथमिक स्वास्थ्य निर्भर है, जो 70% आबादी को सेवा देकर जान बचाने के कार्य करते आ रहे हैं। सरकार द्वारा प्रशिक्षण दिलाकर ओर भी बेहतर कार्य में परिपक्वता दिलाई है, गोरतलब है की होली मिलन का आयोजन इस सभा गार में किया गया, जिसमे जन जीवक कल्याण एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ जेडीयू के डॉ रविन्द्र कुमार शर्मा जी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपने सदस्यों के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि माननीय प्रभावित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेश कुमार सिन्हा का स्वास्थ्य के क्षेत्र में खासकर ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिलाकर परिपक्वता हेतु जनहित में कार्य कर गौर वर्णित किया है जिसके लिए उन्हें आभार प्रकट करता हूं। विशेष कर माननीय विकास पुरुष मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने जनहित में कार्य कर रहे ग्रामीण चिकित्सकों को एक वर्षीय प्रशिक्षण दिलाकर जनहित में हम ग्रामीण चिकित्सा का मान सम्मान और कद को बढ़ाया है श्री माननीय मुख्यमंत्री जी को साधु बात देते हुए प्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सकों को पैरामेडिकल को तरह आशा आंगनबाड़ी जीविका दीदी का पथ सृजन कर सम्मान दिया ठीक उसी तरह इन ग्रामीण चिकित्सकों को भी बेहतर परिणाम देकर बेहतर परिणाम के बदले बेहतर सम्मान के हकदार है इन्हें भी समायोजन कर विभागीय आदेश की प्रतीक्षा आस लगाई बैठे हैं इस और मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकर्षित किया जाता है इस दिशा में डॉ एल बी सिंह प्रदेश अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ जदयू सह परामर्श रात्रि समिति के अध्यक्ष है उनसे मिलकर प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सकों को समायोजन दिलाने हेतु मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का श्रेय ले मेरी भूमिका रहेगी गांधी बने हम आंधी लेंगे इस मौके पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया हम ग्रामीण चिकित्सकों को संदेश देना चाहता हो की संघ को मजबूत करें इस पवन अबसर पर एकता और जागरूकता बहुत जरुरी है। सौहार्द पूर्ण वातावरण में एक दूसरे पर आदर सूजक व्यवहार करें भाईचारे का निर्वहन करें होली रमजान के महीने पर हार्दिक शुभकामनाएं और मुबारकबाद दिया। मौके पर संघ के प्रमंडल पटना प्रमंडल के अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन कुमार, डॉक्टर कमलेश कुमार जिला संरक्षक, डॉ संतोष कुमार, डॉ धर्मजीत कुमार, डॉ राजेश कुमार राजपूत, इत्यादि लोग उपस्थित रहे अस्पताल कर्मियों में वीर मणि सिंह डी बी सीएम, फैमिली प्लानिंग प्रभारी श्रीमती सृष्टि कुमारी एवं अन्य लोगों उपस्थित रहे।

## रजौली में चला बाल श्रम मुक्त अभियान तीन बच्चों को कराया गया मुक्त

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा



**रजौली।** श्रम अधीक्षक के निर्देशानुसार धावादल गठित कर मंगलवार को एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमे श्रम विभाग द्वारा धावा दल के माध्यम से तीन बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। वही उनके सेवायोजकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई भी की जा रही है।श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि जिले भर में लगातार यह अभियान चलाया जायेगा। विभिन्न स्थानों पर चलाए गए अभियान मे रजौली प्रखंड के बड़हर गांव समीप बाबा ईट भट्टा मे तीन बाल श्रमिक कार्यरत मिलो विभाग के द्वारा उन बाल श्रमिक को बाल श्रम से मुक्त कराया गया साथ ही बच्चों को बाल कल्याण समिति मे प्रस्तुत किया गया और नियोक्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि बाल श्रम नहीं करानें को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके बावजूद कुछ सेवायोजक इस पर रोक नहीं लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाल श्रम अधिनियम 1986 के तहत 50 हजार तक का जुर्माना एवं 2 साल तक का कठोर कारावास का प्रावधान है। इस छापेमारी अभियान मे श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रजौली,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गोविंदपुर, श्रम प्रवर्तक पदाधिकारी नरहट,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रोह,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हिसुआ,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी वारिसलीगंज,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मेस्कौर,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नवादा सदर एवं तटवासी समाज न्यास संस्था के कार्यकर्त्ता शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### टैंपो पलटने से टैंपो चालक की मौत



**यूरो रितेश मिश्रा**
हरदोई पिपरिया पुल के पास संदिग्ध अवस्था में एक टेंपो पलट गया। घायल अवस्था में टेंपो चालक को सीएचसी शाहाबाद ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बासित नगर का रहने वाला विनय पुत्र रामनरेश टेंपो चलाकर अपनी आजीविका चलाता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के पिता रामनरेश के अनुसार एक सिपाही द्वारा उसे फोन किया गया था कि उसके बेटे का टेंपो पलट गया है। जब वह पिपरिया पुल के पास पहुंचा तो बेहोशी की हालत में उसका पुत्र घायल पड़ा हुआ था। मंगलवार की रात विनय को परिजनों द्वारा सीएचसी शाहाबाद में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने विनय को मृत घोषित कर दिया। बुधवार की सुबह 9 :00 बजे डॉ अनुज ने बताया कि ऑटो चालक को मृत अवस्था में सीएचसी लाया गया था। पुलिस को सूचना दे दी गई। वहीं, सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और जांच में जुट गई है ।

### होली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए देशी/ विदेशी शराब व मॉडल शॉप की सभी दुकान बंद करने के निर्देश दिए: डीएम




**उरई ।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आदेशित किया कि जनपद में शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत मैं राजेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी, जनपद जालौन आबकारी अधिनियम की धारा–59 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए होली पर्व के अवसर पर लोक शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पूर्व वर्षों की भांति दिनांक 14.03.2025 को जनपद जालौन स्थित समस्त थोक व फुटकर आबकारी अनुज्ञापनों के खुलने के समय प्रातः 10 :00 बजे से सायं 5 :00 बजे तक एफ०एल०–2 (विदेशी मदिरा थोक अनुज्ञापन) / 2बी (बीयर थोक अनुज्ञापन), सी०एल०–2 (देशी शराब थोक अनुज्ञापन) तथा देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शॉप एवं भांग की फुटकर दुकानों तथा रेस्टोरेन्ट बार (एफ०एल०–7) एवं होटल बार (एफ०एल०–6) अनुज्ञापनों को बन्द करने का आदेश देता हूँ। उक्त अवधि में जनपद जालौन में स्थित समस्त आबकारी के थोक एवं फुटकर अनुज्ञापन बन्द रखे जायेंगें, तथा बन्दी की अवधि का कोई प्रतिफल अनुज्ञापियों को देय नहीं होगा।

### उत्तराखंड पुलिस ने ओवर लोडिंग करने व बिना नम्बर प्लेट के चल रही 03 ट्रैक्टर ट्रॉलियां की सीज



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
उत्तराखंड जनपद पौड़ी गढ़वाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद के समस्त थाना और यातायात प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में सभी वाहनों की सघन चेकिंग करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में निरीक्षक यातायात श्री संदीप तोमर के नेतृत्व में यातायात कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान 03 ट्रैक्टर चालकों जिनके द्वारा ओवरलोड, बिना नम्बर प्लेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के व बिना रजिस्ट्रेशन के ट्रैक्टरों को चलाया जा रहा था। पुलिस टीम द्वारा तीनों ट्रैक्टर मय ट्रॉलियों को सीज किया गया। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध पौड़ी पुलिस की कड़ी कार्यवाही लगातार जारी है।

# बिजनौर : जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों का किया गया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज़

**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**
जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा नगर पालिका परिषद्, बिजनौर के वार्ड संख्या-01 मौ० रविदास नगर में साफ-सफाई, पथ-प्रकाश एवं जल निकासी की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में वार्ड संख्या-01 में स्थित रविदास मंदिर में नगर पालिका द्वारा केन्द्र/ राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और आमजन को लाभान्वित करने के लिए लगाए गए विशेष शिविर का अवलोकन किया। विशेष शिविर में नगर पालिका द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीकरण, सम्पत्ति नामान्तरण, कर-करेत्तर राजस्व वसूली, साफ-सफाई व पेयजल सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, पी०एम० स्वनिधि योजना, व पी०एम० विश्वकर्मा योजना की जानकारी उपलब्ध कराई गयी तथा लाभार्थियों से आवेदन लिए गए। मंदिर की संस्था के पदाधिकारियों द्वारा इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती कौर को बाबा भीमराव अंबेडकर का चित्र प्रस्तुत किया गया। उन्होंने रविदास मंदिर स्थित राशन की दुकान की औचक जांच के दौरान अपने सामने लाभार्थियों को दिए जाने वाले गेहूं एवं चावल का वजन कराया तथा उनके द्वारा पूछे जाने पर लाभार्थियों



ने बताया कि राशन विक्रेता द्वारा मानक के अनुरूप खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने नजीबाबाद रोड पर नगर पालिका परिषद, बिजनौर द्वारा जल निकासी योजनान्तर्गत किए जा रहे नाला निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।उसके बाद जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा हेमराज कालोनी स्थित 24एल०एल०डी० एस०टी०पी० प्लांट, 20 के०एल०डी० एफ०एस०टी०पी० प्लांट, वेट वेस्ट प्रोसेसिंग, वर्मी कम्पोस्ट तथा कम्पोस्ट पिट का निरीक्षण किया गया तथा स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद्, बिजनौर को बेहतर रैंक प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उसके पश्चात् जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद्, बिजनौर कार्यालय पहुँची जहाँ पर नवनिर्मित ₹भारत रत्न डा० भीमराव अम्बेडकर सभागार₹ में श्रीमती इन्दिरा सिंह, मा० अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बिजनौर तथा डा० बीरबल सिंह क्षेत्रीय संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ पश्चिमी उ०प्र० भाजपा द्वारा जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) का स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया गयो उन्होंने अधिशासी अधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि शहर में कोई ऐसा स्थान चिन्हित करें जहां लोग स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण में मनोरंजन के साथ-साथ व्यंजन का भी आनंद ले सकें। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विनय कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी विकास कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक गोविन्द कुमार, अवर अभियन्ता (सिविल) यशवंत कुमार, अवर अभियन्ता (जल) गौरव शर्मा, राजस्व निरीक्षकगण श्री सुन्दर लाल, श्री ऋषिपाल, अभिनव कुमार व सभासदगण घनश्याम दास गुप्ता, दीपक अग्रवाल, शमशाद अंसारी, नीरज शर्मा, मनोज कुमार उर्फ मनी, अमित ठाकुर , राजवीर सिंह एड. आदि व समस्त पालिका स्टॉफ उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश कुमार**
चांदपुर अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा मुख्यमंत्री के नाम उप जिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन सोपा जिसमें सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या की कड़ी निंदा की और जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। प्राप्त समाचार अनुसार जनपद बिजनौर में अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा अधिकारियो को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें सीतापुर जिले के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई हत्याकांड को तीन दिन बीत चुके हैं लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं हत्यारे सीतापुर पुलिस की पकड़ से दूर हैं वहीं पत्रकार की हत्या के बाद पत्रकार जगत में आक्रोश है उत्तर प्रदेश के सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हेमपुर नेरी रेलवे क्रॉसिंग के ओवर ब्रिज के पास हमलावरो ने पहले पत्रकार को बाइक से गिरकर फिर उन पर गोलियों की बौछार कर दी इस हमले में राघवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई तीन दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी तक सीतापुर पुलिस के हाथ खाली है। मंगलवार को अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब बिजनौर के जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री से सीतापुर के पत्रकार राधवेन्द्र बाजपेई की हत्या की निंदा कर उनके हत्यारो की गिरफ़्तारी की मांग कर उनको कड़ी सजा देने की मांग की और उनके परिजनों को उचित मुआवजा देने परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने पत्रकारों को मासिक वेतन तथा पेंशन पत्रकारों की सुरक्षा हेतु कानून बनाने पत्रकारों को आत्मरक्षा के लिए शास्त्र लाइसेंस देने आदि की मांग की गई। बाद में एक ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर को भी सौपा गया। ज्ञापन देने में विनोद कुमार शर्मा राष्ट्रीय सह सचिव, जिलामहासचिव आफताब आलम, अध्यक्ष अनिल शर्मा, शक्ति शर्मा नगर अध्यक्ष, जिला सलाहकार मौलाना शाहिद, मोहम्मद अरशद नगर महासचिव, नबाब अहमद कार्यालय प्रभारी, बहादुर शाह जफर आदि पत्रकार शामिल थे।

## बिजनौर: खनन करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीएम

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**
संवाददाता से वार्ता के दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर ने खनन को लेकर सख्त कदम उठाने के लिए कहा है और ओवरलोडिंग को लेकर भी जांच कराने के निर्देश दिए है। सीसीटी कैमरे के जरिए भी निगरानी की जायेगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि पर्यावरण की नियमावली को ध्यान में रखकर खनन किया जाना चाहिए अगर इसका उल्लंघन हो रहा है तो वह गलत है ऐसे पट्टेदारो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खनन करने वालों का टाइम निर्धारित है अगर निर्धारित समय से हटकर खनन किया जा रहा है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीएम द्वारा कार्रवाई को लेकर अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है। जनपद में अभी दो ही पट्टे संचालित है जिसमें एक पट्टा एमपीएस इंटरप्राइजेज के नाम से संचालित है के खिलाफ अवैध खनन को लेकर अखबार में भी खबर प्रकाशित हो रही है। जिसमें सीसीटीवी कैमरे पोकलेन मशीनों तथा निर्धारित धन क्षमता से अधिक खनन को लेकर भी प्रश्न चिन्ह उठे थे। एडीएम ने टास्क फोर्स को निरीक्षण के लिए हो रहे खनन पट्टे पर भेजनी की बात कही है। उन्होंने कहा है जिसमे टास्क फोर्स अभियान चलाकर जांच करेगी कि कितना घन मीटर माइनिंग किया जा रहा है ओवरलोडिंग तो नहीं है या रात के अंधेरे में लोडिंग तो नही कराई जा रही है। एडीएम प्रशासन ने जनपद में हो रहे खनन को लेकर कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

## शासन स्तर से प्रयाग राज त्रिवेणी संगम का जल ग्राम पंचायतो व नगर पालिकाओ में उपलब्ध कराया जाएगा

लोक तंत्र की आवाज

**उरई ।** प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम में देश ही नहीं अपितु विदेशों से भी श्रद्धालुओं द्वारा पावन संगम स्थल पर स्नान कर अपने जीवन को धन्य बनाया, इस पावन संगम में जिन श्रद्धालुओं के द्वारा स्नान नहीं किया गया अथवा किसी अन्य कारण से सम्मिलित नहीं हो सके, ऐसे श्रद्धालुओं के लिए जनपद में संगम के पवित्र जल की उपलब्धता शासन स्तर से कराई गयी। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में जनपद की 574 ग्राम पंचायतों के 1137 ग्रामो एवं नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों के 185 वार्डों हेतु पवित्र जल उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से दिनांक 12.03.2025 को राजेश कुमार पाण्डेय जिलाधिकारी, राजेन्द्र कुमार श्रीवास मुख्य विकास अधिकारी, संजय कुमार अपर




जिलाधिकारी (वि0रा0), निशान्त जिला विकास अधिकारी, महेन्द्र प्रसाद चौबे उपायुक्त स्वतः रोजगार (एन0आर0एल0एम0), अखिलेश तिवारी परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, रामेन्द्र कुशवाहा उपायुक्त श्रम रोजगार (मनरेगा), राम अध्योध्या प्रसाद जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रवीण सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, नीरज कुमार जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जालौन, पंकज तिवारी अपर जिला सूचना अधिकारी, विकास कुमार, शशिकान्त वर्मा, धर्मेन्द्र सिंह जिला कंसलटेंट, राहुल वर्मा, अभिषेक तिवारी जिला परियोजना प्रबन्धक के साथ-साथ जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधिगण यथा-श्री घनश्याम अनुरागी जी मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत, श्री गौरीशंकर वर्मा जी मा0 विधायक उरई, श्री मूलचन्द्र निरंजन जी मा0 विधायक माधौगढ़, श्री अरविन्द सिंह चौहान जी मा0 प्रतिनिधि मा0 मंत्री जल शक्ति की गरिममायी उपस्थिति में त्रिवेणी संगम के पवित्र जल का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न ग्राम प्रधान, सफाई कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें मान्नीय जनप्रतिनिधिगण/जिलाधिकारी महोदय के कर कमलों से त्रिवेणी संगम के पवित्र जल का वितरण कार्यक्रम किया गया। मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा उपस्थित जनसामान्य को अवगत कराया गया कि वितरित किये गये पवित्र जल को समस्त ग्रामों तक लेकर जाना है तथा ग्राम के कुओं, तालाबों/पोखरों, नदियों में जल के अंश को मिश्रित कर वातावरण की पवित्र शुद्धि इत्यादि विधिविधान के साथ कराई जाये तथा जिन ग्रामीणजनों द्वारा प्रयागराज संगम में प्रतिभाग नहीं किया जा सका उनको भी पवित्र जल उपलब्ध कराया जाये।

## बिजनौर पुलिस व आबकारी टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से क्षेत्र में कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
जनपद बिजनौर अफजलगढ़। आगामी त्योहार होली पर्व को लेकर थाना क्षेत्र के गांव लड्डूवाला के जंगल सहित अनेक स्थानों पर पुलिस व आबकारी टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने मौके पर ही 2200 लीटर लाहन को नष्ट किया। वहीं पुलिस व आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से कच्ची शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। मंगलवार को एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष सुमित राठी व आबकारी इंस्पेक्टर उपेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस व आबकारी टीम ने थाना क्षेत्र के गांव लड्डूवाला के जंगल रामगंगा नदी सहित पुराना कालागढ़,




गांव मुरलीवाला तथा गांव हिदायतपुर चौहड़वाला जंगल के स्थानों पर छापामारी करते हुए ड्रोन कैमरे की मदद से कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने गांव लड्डूवाला जंगल रामगंगा नदी खादर पर छापामारी करते हुए मौके पर ही 2200 लीटर लाहन बरामद हुआ जिसे मौके पर ही नष्ट किया गया। इसके अलावा अवैध कच्ची शराब बनाने हेतु कोई गतिविधियां संचालित होना नहीं पाया गया। वही पुलिस व आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से कच्ची शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान आबकारी इंस्पेक्टर उपेन्द्र शुक्ला ने बताया कि होली पर्व को लेकर क्षेत्र में कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा। अभियान जारी रहेगा कोई भी अगर क्षेत्र में कच्ची शराब बेचने का कार्य करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एसआई शेर सिंह के आलावा एसआई राजीव कुमार, एसआई शिवम तायल, हेड कांस्टेबल पीयूष खोखर, कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल आकाश यादव, कांस्टेबल शुभम चौधरी, कांस्टेबल शैलेन्द्र कांत, कांस्टेबल अंकित कुमार, हेड कांस्टेबल आबकारी राहुल कुमार, आबकारी कांस्टेबल योगेन्द्र तोमर तथा कांस्टेबल अभय पिलानिया आदि उपस्थित रहे।

## यूपी के इन चार जिलों की मलिन बस्तियों का होगा विकास बुनियादी सुविधाएं होंगी; योगी सरकार से धनराशि जारी

लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चार जिलों की 49 मलिन बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10.35 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस धनराशि से हमीरपुर मथुरा हाथरस और सहारनपुर जिलों की मलिन बस्तियों में बेहतर सड़क नाली और जल निकासी सुविधाएं दी जाएंगी। बस्तियों में बारिश से पहले ही जलभराव की समस्या समाप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री नगर योजना के तहत हमीरपुर, मथुरा, हाथरस और सहारनपुर जिलों की मलिन बस्तियों के बुनियादी ढांचे का विकास 10.35 करोड़ रुपये से किया जाएगा। इस धनराशि ने इन चार जिलों की मलिन बस्तियों बेहतर सड़क, नाली और जल निकासी सुविधाएं दी



जाएंगी। इन चार जिलों की मलिन बस्तियों का होगा विकास सरकार द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के तहत नगर निगम मथुरा-वृंदावन, नगर पंचायत गोवर्धन, नगर पालिका परिषद राठ, नगर पंचायत सरला (हमीरपुर) और नगर पंचायत रामपुर मनिहारान (सहारनपुर) सहित विभिन्न निकायों में सड़क और नाली निर्माण कार्य किए जाएंगे।

## उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण सरकार की हर योजना बहनों के परिवार में खुशियाँ लाने के लिए: राज्यमंत्री

लोकतंत्र कीआवाज

**ब्यूरो रितेश मिश्रा**
**हरदोई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा होली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण रसखान प्रेक्षागृह में माननीय अतिथियों, अधिकारीगण व योजना के लाभार्थियों द्वारा देखा गया। जनपद हरदोई में भी लगभग 2 लाख लाभार्थियों को सब्सिडी प्रेषण की कार्यवाही की शुरुआत की गयी। जनपद स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि माननीय राज्यमंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी व विशिष्ट अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती पीके वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर व माँ सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। दोनों अतिथियों ने अपने हाथों से नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का डमी चेक प्रतीकात्मक रूप से 10 लाभार्थियों को सौंपा। मुख्य अतिथि माननीय राज्यमंत्री उच्च शिक्षा ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार ने सबसे पहले महिलाओं के बारे में सोचा। आज लगभग हर परिवार में गैस चूल्हा है। होली और दीपावली में फ्री गैस सिलेंडर रिफिल से काफ़ी मदद मिली है। सरकार की हर योजना हर बहन के परिवार में खुशियाँ लाने के लिए है। हर परिवार में शौचालय है। हर परिवार को राशन मिलता है। कन्या सुमंगला योजना व सामूहिक विवाह योजना से बेटियां अब बोझ नहीं हैं। सरकार सामूहिक विवाह योजना की धनराशि अब 51 हजार से बढ़कर 1 लाख होने जा रही है। बेटियों के लिए शिक्षा में



दिक्कत न हो इसके लिए सरकार ने मेधावी बेटियों को स्कूटी देने जा रही है। बेटी को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हम महिलाओं की है। विशिष्ट अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कृत संकल्प है। महिलाओं को जागरूक होना चाहिए। महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर अपने परिवार की मदद कर सकती हैं। सरकार बेटी के जन्म से लेकर विवाह व उसके बाद में सदैव साथ खड़ी है। उज्वला योजना से बहनों को धुए से निजात मिली है। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने कहा कि उज्वला योजना से महिलाओं के जीवन में सुधार हुआ है। उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। अब रिफिल में कोई समस्या नहीं आती। सरकार अधिकांश योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दे रही है। सभी महिलाएं योजनाओं की जानकारी रखें। जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार ने योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2016 में प्रारम्भ इस योजना से बड़ी संख्या में परिवार लाभान्वित हुए हैं। सब्सिडी में केन्द्र व राज्य दोनों सरकारों का योगदान है। सब्सिडी का अंतरण सीधे खातों में किया जाता है। जिला समन्वयक विशाल पोरवाल ने कहा कि सब्सिडी का लाभ लेने के लिए सभी लाभार्थी ई केवाईसी अवश्य करवा लें। इस अवसर पर सभी सम्बंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची पर सस्पेंस खत्म! 80 नाम होंगे घोषित, कब होगा एलान?

लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना**
**लखनऊ।** भाजपा की जिलाध्यक्षों की पहली सूची होली के बाद आएगी जिसमें 75-80 नाम शामिल होंगे। संगठनात्मक रूप से 98 जिलों में नियुक्ति प्रक्रिया जारी है लेकिन आंतरिक खींचतान और सामाजिक संतुलन के कारण सूची में देरी हो रही है । केंद्रीय नेतृत्व ने पिछली सूची में महिलाओं और वंचितों की भागीदारी कम होने पर उसे वापस कर दिया था भाजपा के संगठनात्मक दृष्टि से 98 जिलों के जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। यूं तो जिलाध्यक्षों की घोषणा 30 दिसंबर तक होनी थी लेकिन अभी तक सूची जारी नहीं हो सकी है। चर्चा है कि आपसी खींचतान




व सामाजिक समीकरण ठीक से न बैठने से कई जिलों में अध्यक्ष को लेकर आम सहमति नहीं बन पा रही है। 15 दिन पहले 70 जिलाध्यक्षों की सूची को केंद्रीय नेतृत्व ने इसलिए वापस कर दिया था कि उसमें महिलाओं व वंचितों की कम भागीदारी थी। 50 प्रतिशत से अधिक पिछड़ों की आबादी को देखते हुए उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए थे। अब नए सिरे से तय किए गए जिलाध्यक्षों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेजी गई है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पीरपैंती: होली मिलन समारोह की धूम



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। प्रखंड कार्यालय स्थित मनरेगा भवन में मनरेगा अधिकारियों देवेश गुप्ता के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी मनरेगा कर्मी और स्थानीय मीडिया कर्मी भी मौजूद है। सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग, अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। जमकर ठुमके भी लगे ।वही बीडीओ अभिमन्यु कुमार ने भी अपने कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। अभी फिलहाल होली मिलन समारोह के धूम मची है। लोग अपने-अपने स्तर पर होली की तैयारी में जुड़े हुए हैं।

### पप्पू सिंह निषाद बने जदयू के परबत्ता विस प्रभारी



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर । बिहपुर प्रखंड के औलियाबाद गांव निवासी सह जदयू के प्रदेश सचिव पप्पू सिंह निषाद को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा द्वारा परवत्ता विधानसभा का प्रभारी मनोनीत किया गया है ।जिलाध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने पप्पू सिंह निषाद के प्रभारी बनने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी के सच्चे और समर्पित सिपाही रहे हैं ।पप्पू सिंह निषाद के मनोनयन पर जदयू के जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, सुल्तानगंज विधानसभा प्रभारी पंकज कुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार फोगला, उमेश सिंह पटेल, चंदन कुमारी, अनुराधा कुमारी कुशवाहा, पूर्व मुख्यमंत्री सतीश प्रसाद के पुत्र सुनील कुमार, अशोक कुमार सिंह, केदार प्रसाद सिंह, श्रीकांत सिंह कुशवाहा, नंदलाल मंडल, परवत्ता प्रखंड अध्यक्ष सुबोध साह, गोगरी प्रखंड अध्यक्ष मायाराम मंडल आदि ने बधाई दी है।

### तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय बॉल बैडमिंटन टीम घोषित



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर । तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय की टीम की आंल इंडिया अंतर विश्वविद्यालय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए घोषणा कर दी गई है ।वहीं विश्वविद्यालय टीम बेंगलुरू के लिए रवाना हो गई ।तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय खेल परिषद के सचिव डॉ संजय जयसवाल ने बताया कि घोषित टीम इस प्रकार है :सूरज कुमार (कप्तान),अंकित कुमार शर्मा,अभिषेक राज सायन दास,आदित्य राज,बिट्टू कुमार,आदित्य कुमार आनंद,प्रणव कुमार,मनु कुमार,आदित्य राज के अलावा टीम कोच अविनाश कुमार व मैनेजर डॉ विपिन प्रसाद मंडल शामिल है ।चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए कुलपति प्रो (डॉ) जवाहर लाल,स्पोर्ट्स काउंसिल सचिव डॉ संजय जयसवाल,अभिमन्यु सिंह,डॉ शशि रश्मि,डॉ दिव्य प्रियदर्शी समेत राज्य प्रवक्ता सह नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव ज्ञानदेव कुमार, युवा राजद जिला अध्यक्ष अमन आनंद अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार,राजा कुमार आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है ।बेगलुरू में प्रतियोगिता 14 से 17 मार्च तक आयोजित है।

### रमेश टुडु आदिवासी विकाश परिषद के जिला अध्यक्ष बनाए गए



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के राज गांव आराजी निवासी मुखिया रमेश टुडू को आदिवासी विकास परिषद का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। विदित हो रमेश टुडू कई सामाजिक पदों पर रहते हुए समाज के विकास में बहुत बड़ा योगदान देते रहते है ।उनके इस योगदान को देखते हुए आदिवासी विकास परिषद का अध्यक्ष बनाए गए ।रमेश गुड्डू को अध्यक्ष बनने के बनने पर बधाई देने वालों में जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रणव यादव उर्फ पप्पू यादव ,प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी, सांसद प्रतिनिधि झुंपा सिंह, नगर पंचायत भाजपा प्रतिनिधि हरे राम शर्मा, विवेकानंद गुप्ता ,सौरव साह, प्रदीप सिंह ,रंजीत साह ,रमेश रमन सहित तमाम नेताओं ने बधाइयां प्रेषित की है ।

# बजरंग दल का भव्य होली मिलन समारोह ,जमकर उड़े अबीर गुलाल

● कार्यक्रम का शुभारंभ नपं चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने प्रभु श्री राम व भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया



लोकतंत्र की आवाज़

**जगदीशपुर/भोजपुर।** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में नगर के वीर कुंवर सिंह किला प्रांगण के साकेत कला कुंज रामलीला मंच पर लोगों ने जमकर रंगों का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नपं चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने प्रभु श्री राम व भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर लोक गीत व भोजपुरी गायक गौतम राजा, भरत शर्मा, पीताम्बर जी आदि ने पारंपरिक होली गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

वहीं पारंपरिक गायन में ढोल, मंजीरा, नगाड़े की ताल सुनकर युवा उत्साह में नृत्य करते हुए जमकर अबीर गुलाल उड़ाते दिखे। आयोजनकर्ताओं ने नपं चेयरमैन सहित अन्य अतिथियों को प्रभु श्री राम के नाम का गमछा देकर व अबीर गुलाल लगा सम्मानित किया। नपं चेयरमैन ने सभी से रंगों का पर्व होली को आपसी प्रेम व सद्भावना के साथ मनाने का अनुरोध करते हुए नगरवासियों को होली की मुबारकबाद दी। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इनमें प्रांत सत्संग प्रमुख रमेश मिश्र, उपेन्द्र बजरंगी, मनी सिंह, प्रांत गौरक्षा प्रमुख पंचम कुमार, जिला विधार्थी प्रमुख सोनु सम्राट, अचर्क संपर्क प्रमुख उपेन्द्र तिवारी, बजरंग दल विभाग संयोजक मोनू निराला, संयोजक रवि गुप्ता,



रामनवमी समिति अध्यक्ष गणेश सोनी, पूर्व अध्यक्ष आकाश कुमार, संजय भारती, मोहित राज, राजू सोनी, राकेश यादव, संध्या सिंह ,राजू गुप्ता, वार्ड पार्षद अनवारुल हक, सुनील कुमार पांडा, गोविंदा कुमार और समाजसेवी मुकेश उर्फ बूढ़ा सिंह, अमन गुप्ता, कुंदन सोनी आदि भी मौजूद थे।

# बिहपुर: होली मिलन समारोह में अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने जमाया रंग



लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर ।** बुधवार को बिहपुर के रेलवे मैदान पर नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ के संयोजन में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ ।जिसमें अंतराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने रंग,अबीर,गुलाल के साथ होली के गीतों पर खूब थिरके ।व्यवस्था का जिम्मा स्वयं राज्य प्रवक्ता सह संघ के जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार संभाले हुए थे ।इस मिलन समारोह में ज्ञानदेव ने कहा कि होली गिले-शिकवे व पुराने कड़वाहट को भूलकर आपसी प्रेम का संदेश देता है।

खिलाड़ियों को गुलाल लगाया व मिठाई खिलाया ।वहीं पूर्व जिप सदस्य राजीव रंजन उर्फ घंटू सिंह, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार,राकेश कुमार,राजा कुमार,अमित कुमार ने सभी के जीवन में सतरंगी खुशियों की कामना की व शांति व सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया ।इस मौके पर भाग लेकर खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया ।इस मिलान समारोह में अनिल कसेरा,गौरव कुमार राष्ट्रीय खिलाड़ी राजीव कुमार, आशीष कुमार उर्फ सन्नी, पुष्कर कुमार,अजीत कुमार,घनश्याम कुमार,शुभम कुमार,आदित्य राज, कुमार, गोल्डन कुमार,साकेत कुमार,चिराग देव,उज्ज्वल देव,सोनू कुमार,रजनीश कुमार,गौतम कुमार,साक्षी कुमारी,प्रज्ञा भारती,मौसम कुमारी,अभिलाशा कुमारी,मनीषा कुमारी,शीतल कुमारी,निर्मल प्रियदर्शनी,नेहा कुमारीआदि समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल होकर माहौल को पूरी तरह से फगुआमय बना दिया।

# बिहपुर में बजरंग दल संगठन का होली मिलन समारोह आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर ।** डाक बंगला परिसर में बुधवार को बजरंग दल संगठन का होली मिलन समारोह हुआ ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड संयोजक विश्वजीत कुमार व संचालन धनंजय कुमार सुमन ने किया ।मौके पर मुख्य अतिथि जिला संयोजक प्रहलाद कुमार, अधिवक्ता राधाकृष्ण सिंह, रुपेश कुमार रुप,गौ रक्षा दल के गुड्डू कुमार ने एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी।वहीं कवि विनय दर्शन के कार्यकर्ताओं ने होली गीत से कार्यक्रम में समा बांधा। साथ ही एक दूसरे को अबीर लगाकर होली मनाया। मौके पर रिक्की झा, विक्की मिश्रा,चन्द्रकांत चौधरी आषीश गायक व संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

# सुपौल में अगर होली के दौरान बजेगा डीजे तो प्रशासन करेगी कड़ी करवाई

लोक तंत्र कीआवाज



**सुपौल।** होली एवं ईद पर्व को शांति पूर्ण ढंग से मनाने को लेकर एसडीएम नीरज कुमार की अध्यक्षता एवं एसडीपीओ सुरेन्द्र कुमार की उपस्थिति में बुधवार को वीरपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम ने कहा कि वीरपुर में दोनों सम्प्रदाय के द्वारा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ होली एवं ईद मनाने की परम्परा रही है. हमको आगे भी इसको क़ायम रखना है।

उन्होंने बताया कि होली पर्व में डीजे एवं अश्लील गानों पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा. किसी प्रकार के अफवाह पर ध्यान नहीं देना है. किसी के साथ कोई जोर जबरदस्ती नहीं करनी है. पर्व के दौरान मद्य निषेध का पूरी तरह से पालन किया जायेगा जुम्मा का नवाज एवं होली एक दिन है. इसलिए यह जरूरी है की सभी इसको समझे और इस पर ध्यान दे कि किसी को किसी के बर्ताव से कोई ठेस नहीं पहुंचे. संवेदनशील जगहों पर पुलिस की तैनाती रहेगी. सघन बाइक चेकिंग की जाएगी. मनचलो पर सख्त करवाई होंगी।

बैठक में अधिकारियों की ओर से शहर के गणमान्य लोगों के साथ पर्व मनाने को लेकर हर बिंदु पर चर्चा की गई. नगर पंचायत में 6 जगहों पर होलिका दहन का आयोजन होना है. इसमें गोल चौक, हटिया चौक, विश्वकर्मा चौक, कारगिल चौक, आई टाइप कॉलोनी एवं ग्रामीण क्षेत्र में भीमनगर, बलभद्रपुर,बसंतपुर भवानीपुर, सीतापुर, कोचगामा, हृदयनगर आदि जगहों पर होलिका दहन आयोजित होना है. प्रशासन की इन जगहों पर नजर रहेगी. बैठक में उपस्थित गणमान्य ने आश्वस्त किया कि वीरपुर की परंपरा आगे भी क़ायम रहेगी. हमलोग मिल जुलकर पर्व मनाएंगे. बैठक में मुख्य पार्षद सुशील कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी बसंतपुर सुजीत कुमार मिश्रा, सीओ हेमंत अंकुर, नप कार्यपालक पदाधिकारी मयंक कुमार, थानाध्यक्ष राजकिशोर मंडल, कैप्टेन दिलीप कुमार, जगदीश गुप्ता, अनिल खेड़वार मंटू, श्रीलाल गोठिया, अभय कुमार जैन, पशुपति गुप्ता, अशोक गुप्ता, मु. तोहिद, चंचल कुमार, पवन कुमार मेहता, डा. देवेंद्र यादव, मु. अंसार, अशोक यादव, जयशंकर आजाद, कामेश्वर यादव आदि उपस्थित थे।

# सिंगही गांव में युवक को गोली मारकर किया घायल, छपरा रेफर

लोकतत्र की आवाज



**मांझी (सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के सिंगही गांव में बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। जख्मी युवक की पहचान सिंगही निवासी एवं होमगार्ड जवान अक्षयवर पांडेय के 25 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार पांडेय के रूप में हुई है।

घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि गोलू कुमार पांडेय सुबह टहलते हुए सिंगही-भजौना मुख्य मार्ग स्थित एक दुकान पर बैठा था। इसी दौरान एक ही बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधियों ने उस पर गोली चला दी। गोली युवक की गर्दन आर-पार हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तुरंत एकमा के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां से उसे चिंताजनक स्थिति में छपरा रेफर कर दिया गया।

**पुलिस जांच में जुटी, घटनास्थल से खोखा बरामद:** घटना की सूचना मिलते ही मांझी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया। इस मामले में अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गोली चलने की सूचना मिली है और पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बिहपुर के बभनगामा और अमरपुर में नीलगाय के आतंक से किसान परेशान

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर ।** बुधवार को पुनः भागलपुर में वन प्रमंडल पदाधिकारी स्वेता कुमारी से नीलगाय के आतंक से बिहपुर प्रखंड के बभनगामा व अमरपुर के किसानों का प्रतिनिधिमंडल उनके कार्यालय में जाकर मिला ।बिहार राज्य किसानसभा के जिला संयोजक निरंजन चौधरी के नेतृत्व में बभनगामा व अमरपुर के किसान राजीव सनगही,मनहर चौधरी,महेश प्रखंड के चौधरी,निवेदन चौधरी,हर्ष चौधरी,रामकृष्ण चौधरी, मुस्ताक आलम व अजय मिश्रा आदि किसानों का प्रतिनिधि मंडल अधिकारी से मिला।

बता दें कि बीते दस फरवरी को वन प्रमंडल पदाधिकारी स्वेता कुमारी ने बभनगामा पंचायत के मुखिया गुलजार खां व लत्तीपुर उत्तर पंचायत की मुखिया अनीता देवी/प्रतिनिधि विजय यादव से फोन से बात कर कहा कि इस दिशा में सरकार द्वार जो अधिकार आपको दिया गया है ।उसका उपयोग कर अगले 15 दिन के अंदर इस समस्या का समाधान करें ।किसानों से कहा गया था कि 15 दिन में समस्या निदान न हो पर फसल क्षतिपूर्ति मुहैया कराने समेत अन्य जरूरी कार्रवाई की जाएगी.सभी किसानों ने कहा कि इसका त्वरित निदान नहीं कराया गया तो हम किसानों को दाने-दाने के लिए तड़पना पड़ेगा।

इधर बुधवार को बताया गया कि खेती का रकवा लगभग 600-700 एकड है। एक-एक किसान को दो से तीन बार बुआई करनी पड़ी है ।आम,लीची और महोगनी के बड़े पौधे को भी नष्ट कर दे रहा है ।अभी लगभग 80-100 के नीलगायों का झुड एक साथ फसलों को बर्बाद किया जा रहा हैं ।एक साथ 60-100 के झुंड में नीलगाय आकर मक्का और गेहूँ का फसल बर्बाद कर रहा है ।क्योंकि दो-पाँच किसानों का झुंड उर्पयुक्त नीलगायों के सामने बिल्कुल बौने हो जाते हैं ।हम किसानों को पीठ दिखाकर भागना पड़ता है ।इसके अलावे आम,लीची व महोगनी के पेड़ों को नष्ट कर कर चुके हैं.आने वाले समय में वो सूख भी जाएंगे ।पदाधिकारी ने इस दिशा में जल्द ही ठोस कार्रवाई करने का भरोसा किसानों को दिया।

# मांझी में आर्केस्ट्रा संचालक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

लोकतंत्र की आवाज



बारात से लौटते समय हमलावरों ने पीट-पीटकर मार डाला, पुलिस जांच में जुटी

**मांझी/दाउदपुर (सारण)।** मांझी में एक आर्केस्ट्रा संचालक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना दाउदपुर थाना क्षेत्र के मदनसाठ गांव की है। मृतक की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के कोहरगढ़ गांव निवासी शनिदेव राम के रूप में हुई है। वह अपने भाई के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था, तभी हमलावरों ने पीछा कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, सड़क पर किया हंगामा:** घटना की सूचना मिलते ही मंगलवार सुबह मृतक के परिजनों ने मांझी-एकमा मुख्य मार्ग पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हंगामे की सूचना पर पहुंची दाउदपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**स्कॉर्पियो से टक्कर मारने के बाद किया हमला:** मृतक के भाई ब्रजेश राम ने बताया कि वे दोनों मांझी थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज गांव में एक बारात में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान स्कॉर्पियो सवार कुछ लोगों ने उनका पीछा किया और टक्कर मार दी, जिससे शनिदेव सड़क पर गिर गया। इसके बाद हमलावरों ने लाठी-डंडों और रॉड से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**पुलिस जांच में जुटी, अभी तक नहीं मिला आवेदन:** दाउदपुर थानाध्यक्ष नवलेश कुमार ने बताया कि मदनसाठ गांव में हुई इस घटना की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से अब तक कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

# होली मिलन से आपसी भाईचार बढ़ता है: मालाकार

लोक तंत्र कीआवाज



**राजापाकड़।** आज माली मालाकार कल्याण समिति वैशाली जिला इकाई द्वारा सहदेई प्रखंड अंतर्गत पहाड़पुर तोई गांव में रामबाबू भगत के नेतृत्व में रंगों के उत्सव का स्वागत वैशाली माली समाज के लोगों ने होली मिलन समारोह का आयोजन निजी सभागार में किया। होली मिलन समारोह में जिले के विभिन्न प्रखंडों से संगठन एवं माली समाज को आमंत्रित किया गया और लोग बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी इस होली मिलन समारोह में शामिल हुए। लोग एक दूसरे को रंग- गुलाल लगाकर बधाई दी !

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार भक्त ने सभी का स्वागत किया और सदस्यों को अबीर लगाकर होली की शुभकामना दी। साथ ही संचालन करते हुए सहदेई प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार भगत ने सौहार्द से होली मनाने की अपील की। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय मालाकार ने कहा कि होली लोगों को आपसी प्रेम, एकता, भाईचारा का संदेश देता है जिस तरह सभी रंग मिलकर होली में एक होता है। इस मौके पर माली समाज वरिष्ठ नेता गौतम भक्त,जिला संरक्षक अनिल भक्त,जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार भक्त, जिला मंत्री सह सरपंच अरविंद कुमार भगत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय मालाकार, डॉ राजीव कुमार,सहदेई प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार भगत,सुनील भगत (उपमुखिया) सह जिला सचिव,रामहरि भगत, जिला कार्यकरणी सदस्य संजीव भगत,मनोज मालाकार, प्रशांत कुमार जिला महासचिव,रघुनंदन मालाकार विकेश मालाकार,जयमंगल भगत, महेंद्र भगत,अरुण कुमार भगत,रामनाथ भगत,रविंद्र मालाकार,डॉ ऋषि कुमार रामविनय मालाकार,राममिलन अंशुमाली,गणेश भगत,अरुण मालाकार समेत संगठन के दर्जनों पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में माली समाज के लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मक्के के खेत में पटवन के दौरान दंपति की करंट लगने से मौत भेल्दी थाना क्षेत्र के लगनपुरा गांव में हुआ हादसा

छपरा (सारण)। होली से एक दिन पहले मंगलवार की देर शाम खेत में पटवन करने के दौरान विद्युत स्पर्शाघात (करंट) से दंपति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना भेल्दी थाना क्षेत्र के लगनपुरा गांव की है, जहां 28 वर्षीय शंकर महतो और उनकी 25 वर्षीय पत्नी रुक्मणी देवी खेत में पानी देने गए थे। इसी दौरान विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आने से शंकर महतो करंट की चपेट में आ गए। पति को बचाने पहुंची पत्नी भी करंट के संपर्क में आ गई, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। होली मनाने गांव आए थे शंकर महतो:मृतक शंकर महतो केरल में काम करते थे और होली मनाने के लिए अपने गांव आए थे। लेकिन त्योहार की खुशियों से पहले ही घर में मातम पसर गया। हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया।तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा मां–बाप का साया:मृतक दंपति की दो बेटियां सोनाली और प्रिया, और एक 8 वर्षीय बेटा सौरभ हैं। माता–पिता की मौत के बाद अब तीनों बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी उनके दादा सुदेश महतो पर आ गई है।पहले ही दो बेटों को खो चुके हैं पिता:मृतक के पिता सुदेश महतो ने बताया कि उनके दो बेटों की पहले ही सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। अब इकलौते बचे बेटे और बहू की भी मौत हो गई, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सुदेश महतो ने कहा, अब पोते–पोतियों की देखभाल और पढ़ाई–लिखाई की जिम्मेदारी मुझ पर आ गई है। मेरी पत्नी की भी बहुत पहले ही मृत्यु हो चुकी है।गांव में पसरा मातम, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा:घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। दोनों की अचानक हुई मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और सभी की आंखें नम हो गईं।

### मोतिहारी: होली पर किया हुड़दंग तो जाना होगा जेल! एसपी– स्वर्ण प्रभात,

ब्यूरो चीफ शशिकांत

बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में होली और रमजान को लेकर जमकर सियासत हो रही है. वहीं इसी बीच बिहार में त्योहारों को लेकर पुलिस भी एक्शन मोड में आ गयी है. दरअसल बिहार के मोतिहारी जिले में पुलिस ने होली के दौरान हुड़दंग मचाने वाले हुड़दंगियों के खिलाफ बड़ा आदेश जारी किया है. मोतिहारी पुलिस के अनुसार किसी भी व्यक्ति को जबरन रंग लगाने वाले और दूसरे धर्म के इमारतों पर रंग गुलाल फेंकने वालों की होली जेल में मनेगी. वहीं मोतिहारी पुलिस सोशल मीडिया पर कड़ी और पैनी नजर नजर रखेगी.इसके साथ ही मादक पदार्थ और शराब का सेवन रोकने के लिए स्पेशल एंटी लिक्कर टास्क फोर्स की जगह–जगह तैनाती की जाएगी।इन चीजों पर रहेगा प्रतिबंध, बता दें, मोतिहारी में होली में हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर है और एसपी स्वर्ण प्रभात ने सभी थानों और पुलिस को सख्त निर्देश दिया है. होली में अश्लील गीत, डीजे पर प्रतिबंध के साथ–साथ किसी भी व्यक्ति को जबरन रंग लगाने के साथ–साथ धार्मिक स्थलों पर रंग गुलाल फेंकने की घटना होने पर पुलिस किसी भी हालत में छोड़ने वाली नहीं है पुलिस।

### शराब तस्करी का नया फ़ार्मूला घोड़े पर शराब तस्करी का खेल शुरु

शराब की तस्करी के लिए तस्कर आए दिन नए नए तरीके अपना रहे हैं इसी क्रम में बेतिया में तस्करो ने शराब तस्करी का एक नया फॉर्मूला अपनाया है. जहाँ घोड़े से शराब की तस्करी का खेल शुरू हो चुका है. पुलिस ने घोड़े के साथ शराब को जब्त किया है. नौतन थाना की पुलिस ने शराब तस्करों के एक नए खेल को फेल कर भंडाफोड़ किया है. ज्ञात हो कि बिहार में पूर्ण रूप से शराबबंदी लागू है. लेकिन आगामी होली पर्व को लेकर शराब कारोबारी शराब तस्करी के लिए नए–नए तरकीब अपना रहें हैं.हालांकि बेतिया पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन के निर्देश के आलोक में बेतिया पुलिस भी इन शराब कारोबारियों की हर तरकीब को फेल कर, उनके मंसूबों पर पानी फेरने व ध्वस्त करने में पूरी तरह सजग दिख रही है. ऐसा ही एक मामला बेतिया के नौतन से सामने आया है. घोड़े पर शराब की पेटी लदा देख पुलिस के भी होश उड़ गए. पुलिस ने घोड़े की पीठ पर लदे कुल 4 पेटी विदेशी शराब बरामद कर ली है. बताया जा रहा हैं कि कुछ घोड़े नदी पार कर निकल भी चुके थे. हालांकि पुलिस शराब को जब्त करते हुए आगे की कार्यवाही में जुटी हुई हैमामला सामने आने पर जहाँ पुलिस स्तब्ध है, तो वहीं इलाके के लोग भी चुटकी लेते हुए दिखाई दे रहे हैं.. हाल के मामलों और अब इस विचित्र प्रयोग के बाद यह साबित होता है कि वाकई में बिहार में होली के अवसर पर शराब की डिमांड बहुत हो रही है और शराब तस्कर किसी भी हाल में कमाई करने का मौक़ा नहीं छोड़ना चाहते हैं. भले ही इसमें जान की बाजी क्यों ना लगानी पड़े.. फिर जान चाहे इंसान की हो या घोड़े की।

# मोतिहारी में नीलाम पत्र वाद की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

## अगर लोन लिया है तो उसे चुकाना होगा : के के पाठक



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शशिकांत

श्री के के पाठक, अध्यक्ष, राजस्व परिषद बिहार पटना की अध्यक्षता में पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में नीलाम पत्रवाद की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में राजस्व परिषद के सचिव श्री गिरिवर दयाल सिंह, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा सहित जिला के जिला स्तरीय सर्टिफिकेट अधिकारी एवं सभी संबंधित बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री पाठक ने कहा कि जो लोग भी बैंक से लोन लिए हैं और डिफाल्टर हैं, उन्हें हर हाल में लोन चुकाना होगा। आज की समीक्षा में पाया गया कि जिले में सर्टिफिकेट केश के लगभग 56 हजार मामले लंबित हैं। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा बताया गया इन सभी मामलों को जिला के 56 अधिकारियों के बीच में डिवाइड कर दिया गया है। जो इसे देख रहे हैं। इस पर श्री पाठक ने कहा कि सर्टिफिकेट अधिकारियों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि किसी एक पदाधिकारी पर बहुत ज्यादा जिम्मेदारी नहीं रहे और इसकी नियमित समीक्षा हो सके। श्री पाठक ने कहा कि सभी बड़े बकायेदारों को चिन्हित करके अखबार में उनका नाम प्रकाशित कराया जाए एवं कितनी राशि उनके यहां लंबित है इसकी भी सूची जारी की जाए। उन्होंने कहा कि सभी के विरुद्ध नोटिस जारी किया जाए एवं जरूरत के हिसाब से चिन्हित लोगों को बॉडी वारंट जारी किया जाए। जारी किए गए बॉडी वारंट की सूची पुलिस अधीक्षक को उपलब्ध करा दी जाए ताकि उसके विरुद्ध समुचित कार्रवाई हो सके। श्री के के पाठक ने कहा कि उन गांवों को चिन्हित कर जहां बकायदाओं की संख्या ज्यादा है, वहां लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार प्रसार कराया जाए ताकि उन लोगों का नाम बकायेदार के रूप में सामने आ सके।आज की बैठक में राजस्व परिषद के अध्यक्ष श्री के के पाठक के द्वारा बैंक के सभी अधिकारियों से फीडबैक प्राप्त किया गया एवं उनकी प्रशासन से क्या अपेक्षा है इस पर विमर्श किया गया। श्री पाठक ने कहा कि नोटिस का तमिला बैंक के माध्यम से भी कराई जा सकती है। बैठक में बताया गया कि नीलम पत्रवाद के मामले में 28 हजार वारंट कोर्ट के द्वारा जारी किए गए हैं। जिला में 2229 बॉडी वारंट भी निर्गत हैं। निर्गत वटी वारंट की थाना वार सूची पुलिस अधीक्षक के कार्यालय को भेजने की बात कही गई।

## सड़क पर लेटा हुआ अजगर देखकर मचा हड़कंप



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**वाल्मीकिनगर ।** टाइगर रिजर्व के पास एक विशाल अजगर मिला है। दरअसल बगहा में एक अजगर मुख्य सड़क पर लेटा हुआ पाया गया।अजगर को देखते ही हड़कंप मच गया है। घटना वाल्मीकि बिहार आवासीय परिसर के सामने हुई, जहां सुबह टहलने निकले लोगों और पर्यटकों ने सड़क पर सोए अजगर को देखा। अजगर के सड़क पर होने के कारण कुछ समय के लिए आवाजाही स्थगित रही। लोगों में भय का माहौल था और लोग दूर खड़े होकर उसे देखने लगे।मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार अजगर काफी बड़ा और भारी–भरकम था। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और सभी ने अपने–अपने मोबाइल फोन से अजगर की तस्वीरें और वीडियो बनानी शुरू कर दीं। स्थानीय लोगों के अनुसार यह अनुमान लगाया गया कि अजगर वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के जंगल से भटककर मुख्य सड़क पर आ गया था। वहां कुछ देर तक वह निष्क्रिय पड़ा रहा, जिससे राहगीरों और पर्यटकों में दहशत का माहौल बन गया। कुछ लोग डर के मारे दूर खड़े रहे, वहीं कुछ पर्यटक इस नजारे को अपने कैमरे में कैद कर रहे थे वीडियो बना रहे थे।करीब आधे घंटे तक सड़क पर लेटे रहने के बाद अजगर धीरे–धीरे सड़क छोड़कर वापस जंगल की ओर चला गया। इस दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई पर्यटक व स्थानीय लोगों ने अजगर के जाने के बाद रहत की सांसें ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से जंगल से भटककर जानवरों का रिहायशी इलाकों में आना बढ़ गया है। वहीं वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में तेंदुआ, भालू और अजगर के संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसी कारण से आए दिन आस–पास के इलाकों में दिखाई दे रहे हैं। जिसे देखकर पर्यटक काफी रोमांचित होते हैं।

## ग्रामीण चिकित्सक की बैठक हुई संपन्न



लोकतंत्र की आवाज

**मोतिहारी।** मंगलवार, दिनांक 11,03,2025 को ग्रामीण चिकित्सक ऐसोसिएशन के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अंशु तिवारी की अध्यक्षता में ग्रामीण चिकित्सक का एक बैठक हुई। जिसमें केसरिया के प्रखंड अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार को बनाया गया। वहीं इस दौरान सभी ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित रहें। और सरकार से अपने नियोजन के लिए चर्चाएं करते हुए, महाआन्दोलन की शुरुआत की भी बातें कहीं गई। साथ ही सभी ग्रामीण चिकित्सक को 18,03,2025 को गर्दनीबाग पटना चलने का आह्वान किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डॉ नवीन, डॉ अरविंद कुमार, डॉ पंकज मिश्रा, डॉ, विनोद वाजपेयी डॉ ए हवारी, आदि लोग मौजूद थें।

## सिटी मांटेसरी पब्लिक स्कूल बड़गांव में होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजन पर्यावरण संरक्षण को लेकर अतिथियों के बीच किया गया पौधा वितरण



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** सिटी मांटेसरी पब्लिक स्कूल बड़गांव में होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजन। जिसमें छात्र अविभावकों प्रबुद्ध नागरिकों व गणमान्य नागरिको की भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान विधालय के डायरेक्टर प्रमोद कुमार गुप्ता, प्राचार्य सीमा स्वधा, प्रबंध निदेशक सौरभ के. स्वतंत्र व प्रिया के. स्वतंत्र ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें लोक गायको द्वारा होरी गीत संगीत गजल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते रहे। वही दर्शकों द्वारा कलाकारों की कला की प्रशंसा करते रहे। इसके पश्चात विधालय प्रबंधन द्वारा आगंतुक अतिथियों को अबीर गुलाल लगा कर होली की बधाई दी गई साथ ही पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी के बीच एक–एक पौधा का वितरण किया गया साथ ही उन्हें पौधा का संरक्षण करते हुए दूसरों को भी पर्यावरण के क्षेत्र में पेड़ पौधे की सुरक्षा करने की सलाह दी गई कार्यक्रम में दर्जनों की संख्या में छात्र अभिभावक जनप्रतिनिधि प्रबुद्ध नागरिक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम समापन के पश्चात अतिथियों को मालपुआ मिष्ठान के साथ भोजन की व्यवस्था किया गया था जिसको अतिथियों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।

## मोतिहारी : सभी पंचायतों में खराब चापाकलों की होगी मरम्मति: जिलाधिकारी ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट से निपटने की तैयारी



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शशिकांत

**पूर्वी चम्पारण।** जिले के ग्रामीण इलाकों मे गर्मी के कारण पेयजल संकट से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी एवं ढाका के सौजन्य से गठित चलंत मरम्मत दल को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय से रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। चलंत मरम्मति दल जिले की सभी पंचायतों में जाकर खराब चापाकलों की मरम्मत करेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी एवं ढाका कार्यपालक अभियंता ने बताया कि फिलहाल गर्मी की आहट देख जिले में चलंत मरम्मति दल को चापाकलों की मरम्मति के लिए जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना कर दिया गया है, यह चलंत मरम्मति दल प्रखंड के जिन पंचायतों के गांवों में चापाकल खराब होंगे, उन चापाकलों की मरम्मति करेगा, साथ ही अगर अन्य चापाकलों के खराब होने की सूचना प्राप्त होती है तो वहां भी पहुंच कर खराब चापाकलों को ठीक करेगा, चलंत मरम्मति दल में एक मिस्त्री सहित दो सहायकों को रखा गया है, उन्होने बताया कि खराब चापाकलों की मरम्मत को लेकर दोनों प्रमंडलों के लिए अलग–अलग नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, मोतिहारी प्रमंडल हेतु दुरभाष नंबर–06252233374 एवं ढाका प्रमंडल, हेतु दुरभाष नं0–06250315613 पर चापाकलों के खराब होने की सूचना कार्यालय अवधि में दी जा सकती है।

## मांगलिक कार्यक्रम के दौरान की गई होली पर्व को लेकर विचार विमर्श



लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

**मधुबनी।** एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान हरदेव प्रसाद इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य पंडित भरत उपाध्याय के साथ अन्य गणमान्य पण्डित गण के विचार विमर्श में यह स्पष्ट हुआ कि इस साल की होली 15 मार्च को ही श्रेयस्कर है , हरदेव प्रसाद इंटर कॉलेज मधुबनी के संस्कृत शिक्षक आचार्य नीरज कुमार त्रिपाठी ने बताया की शास्त्रीय विधि के अनुसार तथा देश में सर्वमान्य महावीर और ऋषिकेश पंचांग के अनुसार स्पष्ट निर्देश दिया गया है की होली का दहन पूर्णिमा तिथि में की जाती है जो रात्रि में प्राप्त हो इसके अनुसार 13 मार्च की सुबह 10:02 से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ हो रही है जो 14 मार्च को 11:30 तक रहेगी अतः किसी परिस्थिति में 14 मार्च को होली श्रेयस्कर नहीं होगा चुकी शास्त्र विदित है काशी की होली 14 मार्च को होगी क्योंकि काशी में श्मशान होली भस्म होली खेली जाती है वह विश्वनाथ की नगरी है इसलिए हम सब भी दूसरे दिन भस्म होली खेलते हैं जिससे रोग दुख व्याधि नष्ट हो जाते हैं यह परंपरा रही है अन्यत्र सर्वत्र होली प्रतिपदा तिथि में मनाई जाती है अस्तु 15 मार्च को उदय व्यापिनी प्रतिपदा तिथि प्राप्त हो रही है जो होली के लिए सर्वश्रेष्ठ है ।साथ ही 13मार्च को रात्रि 10,34, भद्रा के बाद होलिका दहन किया जाएगा। बैठक में सर्वश्री संतोष सिंह, पं०विकास उपाध्याय, पं०रामसागर पाठक , पंडित रामनारायण ओझा , पंडित अमरेंद्र कुमार पांडे आदि उपस्थित रहे।

## मेरा स्वाभिमान संस्था के अध्यक्ष सह समाजसेवी दिनेश अग्रवाल ने कार्यकाल में मनाया होली मिलन समारोह



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** मेरा स्वाभिमान संस्था कार्यालय में संस्था के अध्यक्ष समाज सेवी दिनेश अग्रवाल बुधवार को संस्था कार्यालय होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान स्थानीय कवि ने द्वारा लोगों को मनोरंजन कराया। इस दौरान दिनेश अग्रवाल ने आगामी चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि भाजपा उन्हें टिकट देती है तो पार्टी के उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगे, लेकिन अगर टिकट नहीं मिला, तो वे निर्दलीय मैदान में उतरेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा की राजनीति का एक चर्चित नाम हैं। उन पर पहले उइककी छापेमारी हो चुकी है, लेकिन उन्हें क्लीन चिट मिल गई। उनके घर या दिल्ली आवास पर कोई भी ऐसा कागजात नहीं मिला जिसे सीबीआई उन पर आरोप सिद्ध करें। इस मामले को लेकर उनके समर्थक कह रहे हैं कि उनके खिलाफ कोई आरोप साबित नहीं हो सका, इसलिए वे जनता की अदालत में बेदाग खड़े हैं।दिनेश अग्रवाल लग भग तीन वर्षों से एक संस्था के माध्यम से वाल्मीकि विधानसभा के लोगों की मदद कर रहे हैं। इसके साथ ही जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता और सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रियता ने उन्हें जनता के बीच एक मजबूत आधार दिलाया है। इसके साथ पढ़ाई करने वाले बच्चों को आर्थिक रूप से मदद करना और आकस्मिक मृत्यु के बाद परिवार वालों को आर्थिक सहायता देने का काम करते हैं।

## होली, गिला– शिकवा भुलाकर एक दूसरे का हो जाने का त्यौहार है

### आपसी मतभेद भुलाकर एकता के रंग में रंगते हुए आपसी मिल मिलन का नाम है –होली



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

नारायणी विप्राज एसोशिएशन बगहा के तत्वावधान में आज होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र के कई नामचीन हस्तियां भाग ली। इस मिलन समारोह में जहां विचारों का मंचन हुआ ।वहीं होली के सादगी गीतों में लोग झूमते नजर आए। किसी ने होली को आपसी मेल और आपसी सद्भावना का प्रतीक बताया ।तो किसी ने होली को गिला शिकवा भुलाकर रंग में रंग कर नए वर्ष के लिए तैयार होना बताया ।किसी ने जोगीरा सरर्र, तो किसी ने होली खेले मसाने में आदि गीतों से सबका मनमोहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सेवानिवृत शिक्षक गोरखनाथ उपाध्याय ने की ।वही मंच का संचालन निप्पू कुमार पाठक ने किया । अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवेश मिश्रा और नंदेश पांडेय उर्फ चुन्नू पांडेय तथा विजय पांडेय मौजूद रहे । होली मिलन के इस अवसर विचारों की ठिठोली व मधुर मजाक का सरगम देखने को मिला। वह अविस्मरणीय रहा। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाएं। एक दूसरे के गले मिले।नारायणी विप्राज एसोशिएशन बगहा के अध्यक्ष सह कार्यक्रम के आयोजक श्री गिरींद्र पांडेय ने कहा कि हमारी मनसा आप सभी से मिलकर होली के रंगों में एक होने की थी। इसलिए बहुत कम समय में यह आयोजन किया गया।सभी को बुला नहीं पाया ।इसलिए क्षमा चाहते हूं। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति स्टेशन अधीक्षक जयकुमार प्रसाद , संजय तिवारी सुमेश पांडेय पंकज मिश्र वार्ड पार्षद, मनोज मिश्र विनय मिश्र डॉक्टर रवि भूषण तिवारी विकास पांडेय, जनार्दन शुक्ल मुकुंद पाठक, अंशुमान भारद्वाज विनय कुमार, उत्कर्ष श्रीवास्तव जैसे दर्जनों लोग उपस्थित रहे। मिठाई खाकर और गुलाल लगाकर गले मिलने का यह उत्सव निश्चय ही स्मरणीय रहेगा यह बातें चुन्नू पांडे ने कहा ।मैं इसके लिए सदैव आभारी रहूंगा कि इस तरह के कार्यक्रम सादगी के साथ आयोजित हुआ। वहीं विजय कुमार पांडेय ने भी ऐसे कार्यक्रम की बेहद सराहना किए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गायघाट ; भाजपा नेता ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

दीपक कुमार

गायघाट । विधानसभा भाजपा परिवार होली मिलन समारोह गायघाट पश्चिम मंडल की ओर से मनाया गया। ग्राम भुसूरा में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार साहिल के दरवाजे पर धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम में एनडीए कार्यकर्ताओं सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। समारोह में 'रंग बरसे भीगे चुनर वाली और 'जोगी जी धीरे धीरे जैसे होली गीतों की धुन पर कार्यकर्ता जमकर थिरकते हुए रंग–गुलाल उड़ाये ।स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने लोगों का खासा मनोरंजन भी किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रानी सिंह ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है ।इस अवसर पर भाजपा नेत्री रानी सिंह, भाजपा नेता गायघाट पंकज सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री अमित राठौर, पश्चिमी मंडल पूर्व अध्यक्ष विपिन सिंह, महामंत्री अभय सिंह, अरुण राय, मंडल उपाध्यक्ष जयशंकर कुंवर, भिखारी सिंह , पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह , पुर्वी मंडल पूर्व अध्यक्ष शशांक शेखर चौहान , दक्षिणी मंडल अध्यक्ष संजागर सहनी, कटरा मंडल अध्यक्ष जिला पार्षद, राजीव कुमार गुड्डू, पूर्व अध्यक्ष अमित शर्मा , विमल सिंह, ओमप्रकाश , गोपाल ठाकुर , सत्येंद्र सिंह, अजीत, चंचल, विवेक, विजय सिंह, डब्बू, सुनील, जगत झा, नीरज, जितेंद्र कुंवर, कुंदन, रोशन, मोनू आदि मुख्य।

### होली मिलन समारोह में अबीर–गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं

दीपक कुमार

गायघाट । गरहा में होली से जुड़े गीत गाते कलाकार। पूर्व मंत्री आवास पर कार्यक्रम का आयोजन, बड़ी संख्या में जुटे लोग प्रखंड के पूर्व मंत्री सह रामसूरत राय औराई विधायक के आवास पर बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां, जम कर पंचायत वासी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा एक दूसरे को गुलाल एवं गले लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई एवं मिलन समारोह मनाया गया। इस क्रम में स्थानीय लोगों द्वारा होली की गीत एवं जोगीरा गाया गया। साथ ही, पूर्व मंत्री सह औराई विधायक राम सूरत राय द्वारा सबको इस मौके पर खीर मालपुआ एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रानी सिंह सहित, राजेश रोशन, किरण देवी, रीता देवी, उर्मिला देवी, राजेंद्र राम, जीवछी देवी, अमरेश कुमार, ललितेश्वर प्रसाद कुशवाहा, संतोष कुमार महतो, राकेश मलिंगा, अरुण कुमार साह, रामचंद्र ठाकुर, हरे राम, संजय कुमार, विश्वनाथ कुमार, हरिचंद यादव अन्य ग्रामीण मौजूद थे

### नगर परिषद उपसभापति शिव शंकर राम के द्वारा, कहा लोगो को भाईचारा बना होली मानना चाहिए।

लखीसराय (सुजीत कुमार) – होली मिलन समारोह एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 12 मार्च 2055 की दोपहर सामुदायिक सह विवाह भवन इंग्लिश वार्ड नंबर 2 लखीसराय में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन दोपहर दो बजे शिव शंकर उपसभापति नगर सभापति लखीसराय और वार्ड पार्षद पार्वती देवी वार्ड नंबर 2 लखीसराय द्वारा किया गया। इन्होंने कहा कि मैं लोगों से यह कहना चाहता हूं कि होली हिन्दुओं का एक महत्वपूर्ण त्योहार होता है इसमें लोग कई तरह के रंगों का इस्तेमाल करते हैं और गले मिलते है समाज के लोग भी कई रंगों में रंगने के बाद समाज को एक नया रूप दे, लोग एक दूसरे से किसी भी प्रकार से कोई बैर ना रखे। लोग शांति पूर्वक होली मनाते हुए प्राकृतिक रंगों का उपयोग करे और केमिकल युक्त रंगों से खुद को दूर रखे। वही इस कार्यक्रम में समाज के हर प्रकार के लोग पहुंच कर होली के गीतों पर थिरककर गुलाल लगाने के साथ पुआ और पकौड़ी का आनंद लिया।

### मोतिहारी: होली पर्व को लेकर पुलिस एक्सन मोड में, किया फ्लैग मार्च

ब्यूरो चीफ शशिकांत

मोतिहारी। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर होली पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण से मनाने को लेकर संग्रामपुर पुलिस सख्त है।थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने निकाली बाईक रैली। बाईक रैली के साथ साथ माइकिंग कर आमलोगों से अश्लील गाना नही बजाने व हुड़दंग नही करने की अपील की है। हुड़दंग करने वाले व अश्लील गाना बजाने वालें पर होगी सख्त कारवाई। थाना क्षेत्र के सभी पंचायत में पुलिस ने बाईक रैली निकाल की अपील। रैली में दरोगा राहुल सिंह, बनाफल अक्षय कुमार , एएसआई के के राय सहित पुलिस पदाधिकारी व सुरक्षा बल शामिल रहें।

# महिला बंध्याकरण में सारण, पुरुष नसबंदी में सीवान व ओरल पील्स में गोपालगंज को मिला सर्वश्रेष्ठ जिला का पुरस्कार

## परिवार नियोजन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वास्थ्यकर्मी हुए सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता**

**छपरा।** परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, सारण द्वारा शहर के एक निजी होटल में परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक सह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय अपर स्वास्थ्य निदेशक सह सारण सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया ।बैठक में सारण, सीवान और गोपालगंज जिलों के परिवार नियोजन कार्यक्रम की उपलब्धियों की समीक्षा की गई और आगामी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस दौरान परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वास्थ्यकर्मियों और संस्थानों को पुरस्कृत किया गया ।तीनों जिलों को विभिन्न श्रेणियों में मिला सर्वश्रेष्ठ जिला का पुरस्कारःमहिला बंध्याकरण में सारण जिला, पुरुष नसबंदी में, सीवान जिला, ओरल पील्स (माला–एन, छाया) में गोपालगंज जिला, पीपीएस, पीपीआईयूसीडी और एमपीए–अंतरा में सारण जिला, पीपीआईयूसीडी और इंटरवल आईयूसीडी में, सीवान जिला रहा ।अधिकतम महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी करने वाले डॉक्टर सम्मानितःमहिला बंध्याकरण में सर्वाधिक योगदान देने वाले गोपालगंज जिले के उचकागांव सीएचसी के डॉ. पीयूष रंजन को सम्मानित किया गया ।पुरुष नसबंदी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सारण जिले के मांझी सीएचसी के डॉ. अभिषेक आशुतोष को पुरस्कृत किया गया ।पीपीएस में बनियापुर के डॉ. सरिता सिन्हा और पीएएस में गड़खा सीएचसी की डॉ. मेहा कुमारी को सम्मानित किया गया ।उत्कृष्ट कार्य करने वाले आशा और एएनएम कर्मियों का सम्मानःइस अवसर पर गड़खा की एएनएम पूनम कुमारी, बरौली की एएनएम सीमा द्विवेदी, हथुआ की एएनएम दीपिका बेंजामिन, एकमा की एएनएम रिंकू कुमारी, बैकुंठपुर की आशा पिंकी देवी, गुठनी की आशा किरण यादव, सोनपुर की आशा पिंकी देवी, अमनौर की आशा शोभा देवी, बरौली की आशा फैसिलिटेटर शिखा रानी, यूपीएचसी मासूमगंज की एएनएम पुष्पा कुमारी, यूपीएचसी बड़ा तेलपा की एएनएम सुमन कुमारी और मेनका कुमारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। समीक्षा बैठक और एफपीएलएमआईएस कार्यशालाःबैठक में एफपीएलएमआईएस पोर्टल के उपयोग पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें परिवार कल्याण साधनों के स्टॉक प्रबंधन, डिमांड प्लेसमेंट, इंडेंट और अपडेट कोड के माध्यम से जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया ।सम्मानित होने वाले चिकित्सक व अधिकारीःपरिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मांझी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार, दिघवारा के एमओआईसी डॉ. रौशन, डॉ. गोपालकृष्ण, डॉ. महेंद्र मोहन, डॉ. एचएन प्रसाद, डॉ. किरण ओझा, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. भारती सिंह, सोनपुर की डॉ. नेहा कुमारी, सीवान महाराजगंज पीएचसी के एमओआईसी डॉ. विपिन सिन्हा, सदर अस्पताल छपरा की निष्ठा मोडनवाल समेत कई अन्य चिकित्सकों को सम्मानित किया गया ।इसके अलावा, डीसीएम ब्रजेंद्र कुमार, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, डाटा ऑपरेटर गौरव कुमार, अस्पताल प्रबंधक राजेश्वर प्रसाद, एफपीसी बबीता कुमारी, क्षेत्रीय लेखापाल विजय कुमार राम, क्षेत्रीय मूल्यांकन सह अनुश्रवण पदाधिकारी शादां रहमान, आशा समन्वयक संतोष सिंह, बीएमई सावित्री पांडेय, कार्यालय सहायक मनोज कुमार, अकाउंटेंट निहारिका कुमारी, डाटा ऑपरेटर अंकु वर्मा, रंजय कुमार, सीफार के डीपीसी गनपत आर्यन और आईपास से शामा राय को भी सम्मानित किया गया ।सम्मेलन में शामिल अधिकारीःइस मौके पर आरडीडी डॉ. अरुण कुमार चौधरी, सारण के सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, सीवान सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद, गोपालगंज सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र प्रसाद, आरपीएम प्रशांत कुमार, डीपीएम अरविंद कुमार, डीपीसी रमेशचंद्र कुमार समेत सारण, सीवान और गोपालगंज के डीसीएम, एसीएमओ, गनपत आर्यन, धर्मेंद्र रस्तोगी और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मोतिहारी: केसरिया गुरुकुल एजुकेशनल प्वाइंट स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी।** बुधवार को केसरिया गुरुकुल एजुकेशन प्वाइंट स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर अविनाश सिंह ने कहा होली पर्व एकता, सम्प्रदायिक एवं संस्कृति का पर्व है। हम सभी को इस पर्व एक दूसरे रंग गुलाल लगाकर आपसी भाईचारा के साथ होली का त्योहार मनाना चाहिए। वहीं उन्होंने अपने स्कूल के सभी शिक्षकों एवं बच्चों के साथ रंग गुलाल लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। इस दौरान सभी शिक्षक मौजूद थें, उपस्थित शिक्षकों एवं बच्चों में अग्नीश कुमार पाण्डेय, कुन्दन मिश्रा, अतुल भारती, बाबू लाल, रविनंदन, रौशनी कुमारी, नजिया खातून, संजना कुमारी, पल्लवी कुमारी, गोल्डी कुमारी, निकिता कुमारी, संजिता कुमारी, कर्मचारी संतोष कुमार आदि लोग उपस्थित थें।

## बेनीबाद ; विनाशकारी बागमती बाँध के निर्माण पर तत्काल रोक लगाओ 26 मार्च को होगा विधानसभा का घेराव

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**

**गायघाट ।** चास वास जीवन बचाओ बागमती संघर्ष मोर्चा की ओर से कई वर्षों से रुके हुए विनाशकारी बागमती बाँध को पुलिस के बल पर फिर शुरू करने के खिलाफ आज बेनीबाद में एक महापंचायत का आयोजन किया गया। कई वर्ष पूर्व गठित रिव्यू कमेटी की एक बार भी बैठक नहीं हुई है ।इस अवसर पर बोलते हुए भाकपा माले के सिकटा से विधायक कॉ .वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि चंपारण के सिकरहना, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, समस्तीपुर के बागमती और कटिहार, पूर्णिया के महानंदा पर बाँध का निर्माण इलाके के लोगों की मांग पर नहीं बल्कि इंजीनियर, ठेकेदार और सरकार में कायम लोगों के स्वार्थों को पूरा करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किये जा रहे हैं ।इसे सदन में भी मजबूती से उठाया जाएगा और जनता के बल से भी लड़ाई लड़ी जाएगी ।गायघाट के राजद विधायक श्री निरंजन राय ने कहा कि वे लोग अपने संगठन के साथ इस आंदोलन का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार बाँध को रोके और जल निकासी के रास्ते को विस्तार दे। बाँध इस इलाके की खेती और आवास को नष्ट कर देगा ।इस आंदोलन का समर्थन करने के लिए चंपारण में सिकरहना नदी पर बन रहे बाँध का विरोध कर रहे मनोज कुमार यादव और तौसीफुर रहमान ने इस आंदोलन के प्रति एकजुटता जाहिर की और और इसे आगे भी समर्थन देने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर अपनी बात करते हुए लोगों ने कहा कि अपनी जीविका, वास और अपने समाज से वंचित करनेवाले इस बाँध को वे किसी कीमत पर नहीं बनने देंगे और अपनी हिफाजत के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। उन लोगों ने कहा कि औराई में कई गांव में अब तक बाँध का पूरा पैसा नहीं मिला है, कुछ गांव में मकान मय सहन का बिल्कुल भुगतान नहीं हुआ है ।कई गांव में लोगों को नोटिस देकर भी सैकड़ों लोगों को भुगतान नहीं किया गया है। बड़े पैमाने पर लोग खाता – खेसरा, नाम में गड़बड़ी के शिकार हैं और कोर्ट तक जाने के बावजूद मुआवजा का इंतजार कर रहे हैं ।जीवाजोर और बेनीपुर को छोड़कर अभी तक किसी गांव को पुनर्वासित नहीं किया गया है। भीतर खेती चौपट हो गयी है और जंगली जानवर का उत्पात शुरू हो गया है ।सरकार हमारी जिंदगी से खिलवाड़ कर रही है जिसे हम स्वीकार नहीं करेंगे ।महापंचायत में भाकपा माले के जिला सचिव कृष्ण मोहन, सूरज कुमार सिंह, आफताब आलम, फहद जहां के अलावा उपेंद्र पांडेय, सुनील यादव, बैजनाथ राय, जगरनाथ पासवान, बब्लू जी, मदन झा, मोहन मिश्र, नीरज ठाकुर, मोनाजिर हसन, राहुल कुमार, रामलोचन सिंह , विवेक कुमार , रविन्द्र सिंह के अलावा अनेक लोगों ने संबोधित किया ।रंजीत सिंह और नवल किशोर सिंह ने आंदोलन के लिए लोगों से सहयोग का आह्वान किया। महापंचायत की अध्यक्षता श्री बैजनाथ मिश्र ने किया ।अंत में 26 मार्च को विधानसभा घेराव का निर्णय लिया गया।

## डायट पूसा में बिहार के परिप्रेक्ष्य में शारीरिक शिक्षा एवं खेल में नए दृष्टिकोण एवं पहल पर 3 दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

लोकतंत्र की आबाज



**रामजी कुमार**

**समस्तीपुर।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), पूसा, समस्तीपुर द्वारा फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) के सहयोग से बिहार के परिप्रेक्ष्य में शारीरिक शिक्षा एवं खेल में नए दृष्टिकोण एवं पहल विषय पर 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. मृत्युंजय कुमार (कुलसचिव, डॉ.आर.पी. के.कृ.वि., पूसा) उपस्थित रहे। डायट पूसा की प्राचार्य डॉ. आकांक्षा कुमारी एवं अनिल कुमार सिंह, वरीय व्याख्याता, संयोग कुमार प्रेमी, सुरेश कुमार, मो. रिजवान अंसारी आदि उपस्थित रहे। कुलसचिव डॉ. मृत्युंजय ने कहा कि खेलों का अस्तित्व इस तरह के आयोजन से जमीनी स्तर पर फलित होगा। शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के निर्माण से ही स्कूली छात्रों का सर्वांगीण विकास सम्भव है। प्राचार्य डॉ. आकांक्षा ने कहा आज की शिक्षा पद्धति में खेल आधारित अधिगम को बढ़ावा देने हेतु इस तरह के आयोजन मिल का पत्थर साबित होंगे। इस तरह के आयोजन से शारीरिक शिक्षा एवं खेल को बढ़ावा मिलता है। इससे पूर्व आयोजन सचिव कुमार आदित्य ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए 3 दिवसीय कार्यशाला के उपलब्धियों का सार प्रस्तुत किया। अंत में सभी प्रतिभागी शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र वितरण किया गया। मौके पर साधन सेवी के रूप में डब्लू कुमार, व्याख्याता डायट बांका, नीरज कश्यप व्याख्याता डायट सीतामढ़ी, अमित सौरभ डायट पटना ने सत्र का संचालन किया क यशवंत कुमार शर्मा ने कार्यक्रम का अंत राष्ट्रगान के साथ किया।

## होली और रमजान को लेकर डीएम और एसपी ने की शांति समिति की बैठक

लोकतंत्र कि आबाज




**रामजी कुमार।**

**समस्तीपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए विधि व्यवस्था से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार समस्तीपुर में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी / सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/ सभी थाना प्रभारी को विधि व्यवस्था संधारण हेतु महत्वपूर्ण स्थलों संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करते हुए आवश्यकता अनुसार बैरिकेडिंग करने, डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाने एवं निरोधात्मक कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही सभी पदाधिकारी को लगातार भ्रमणशील रहते हुए विधि व्यवस्था संधारण करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टी दिनांक 19 तक रद्द करने हेतु निर्देश दिया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी/ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/ प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि आगामी 13 मार्च होलिका दहन से लेकर 15 मार्च होली की समाप्ति तक लगातार संवेदनशील स्थलों पर पैनी नजर रखते हुए विधि व्यवस्था का संधारण करना सुनिश्चित करेंगे एवं किसी भी छोटी बड़ी घटना से उच्च अधिकारियों को अवगत कराएंगे। इसके अलावा सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए बाउंड डाउन एवं चिन्हित व्यक्तियों पर सीसीए इत्यादि की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा होली के दौरान मार्ग में आने वाले मस्जिद एवं संवेदनशील स्थलों /कब्रिस्तान इत्यादि के आसपास आवश्यकता अनुसार बैरिकेडिंग करने एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने हेतु सभी सम्बंधित अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता समस्तीपुर, नगर आयुक्त समस्तीपुर सभी अनुमंडल पदाधिकारी / सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी समाहरणालय सभागार में जबकि सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी अपने–अपने अनुमंडलो एवं अंचलों से जुड़े हुए थे।

## मशरक के युवक की छपरा में ट्रेन से कटकर मौत, परिवार में मचा कोहराम

लोकतंत्र की आबाज



**संवाददाता**

**छपरा/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के सिकटी भीखम गांव निवासी एक युवक की छपरा में ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम कर बुधवार को गांव लाया गया, जहां परिजनों में मातम छा गया ।मृतक की पहचान सिकटी भीखम गांव निवासी सीताराम बासफोड़ के पुत्र छोटेलाल बासफोड़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा जंक्शन स्थित प्लेटफार्म संख्या पांच पर अहमदाबाद से दरभंगा जा रही डाउन साबरमती एक्सप्रेस की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई ।ससुराल से लौटने के दौरान हुई दुर्घटनाःमृतक की पत्नी ने बताया कि वह बलिया से छपरा ट्रेन पकड़कर आ रहे थे। इसी दौरान छपरा जंक्शन पर पहुंचने से पहले ही पैर फिसल गया, जिससे वह ट्रेन की चपेट में आ गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया ।गांव में मातम, परिजनों का रो–रोकर बुरा हालःशव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। पत्नी और दो छोटे बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है ।सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने बताया कि छोटेलाल अपने ससुराल उत्तर प्रदेश के बलिया गया था और लौटने के दौरान यह हादसा हो गया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और दाह संस्कार के लिए आर्थिक मदद भी की।

## सजावटी मछलियों का प्रजनन, पालन विषयक व्यवहारिक व क्रियाशील स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से बनें स्वावलंबी अधिष्ठाता

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तीपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, बिहार, पूसा, समस्तीपुर में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुविमलेन्दु पाण्डेय के विषेश प्रयास व दिशानिर्देशन तथा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, हैदराबाद, तेलंगाना द्वारा प्रायोजित एवं जिविका के माध्यम से चयनित मुजफ्फरपुर जिला के 25 उत्साही प्रशिक्षणार्थियों हेतु आहुत त्रि–दिवसीय (10–12, मार्च,2025) मीठे पानी की सजावटी मछलियों का प्रजनन और पालन बिषयक स्वरोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह 12, मार्च 2025 को मात्स्यिकी महाविद्यालय, ढोली, मुजफ्फरपुर में सम्पन्न हुआ। अधिष्ठाता डॉ.प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव तथा जिविका मुजफ्फरपुर की जिला परियोजना प्रबंधक अनीषा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया गया साथ में सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके स्वयं के द्वारा बनाया गया एक–एक एक्वेरियम भी दिया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ ही राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, हैदराबाद, तेलंगाना का इस स्वरोजगारोंन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मात्स्यिकी महाविद्यालय, ढोली, में कराने हेतु गहरा आभार व्यक्त किया गया, अधिष्ठाता द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षणार्थियों से सजावटी मछलियों के पालन हेतु प्रेरित किया गया उन्होंने बताया की प्रशिक्षणार्थी सजावटी मछलियों के प्रजनन, पालन का तकनीकी और क्रियाशील प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकी ज्ञान द्वारा एक छोटे जगहों पर अल्प पूंजी से स्वरोजगार अपनाकर बेहतर लाभ प्राप्त कर सकते हैं, सजावटी मत्स्य पालन व्यवसाय एक बहुत ही उभरता हुआ क्षेत्र है, तकनीकी ज्ञान अर्जित कर प्रशिक्षणार्थी कम लागत में एक्वेरियम निर्माण कार्य शुरू कर अच्छा आमदनी प्राप्त कर सकते है। सजावटी मछलियों के पालन से मनोरंजन के साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त होता है सजावटी मछलियों के साथ समय बिताने से स्ट्रेस लेवल को आसानी से कम किया जा सकता है साथ ही एंजाइटी में भी आराम मिलता है ।उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित महिलाओं तथा युवकों प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि वे अपने तकनीकी ज्ञान को समाज के अन्य लोगों तक भी पहुंचाने का भी कार्य करें तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों से आह्वान किया की वे सजावटी मछलियों का मत्स्य पालन कार्य एवं एक्वेरियम निर्माण व्यवसाय अवश्य करें व समाज में अन्य लोगों को भी इस स्व–रोजगार से जुड़ने हेतु जागरूक करें ,उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण माननीय प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत संचालित किया जा रहा है ।मौके पर मुजफ्फरपुर जिले के जिविका के माध्यम से चयनित 25 प्रशिक्षणार्थियों के साथ जिविका मुजफ्फरपुर की जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमती अनीषा एवं उनके सहयोगी गण, जिविका मुरौल के जिविकोपार्जन विशेषज्ञ साकेत कुमार कर्ण, मात्स्यिकी महाविद्यालय, ढोली के शिक्षक डॉ. राजीव कुमार ब्रह्मचारी, डॉ. सुजीत कुमार नायक, डॉ.मुकेश कुमार सिंह, डॉ.तनुश्री घोड़ई महाविद्यालय कर्मी डॉ.राजेश कुमार, विनोद कुमार, साजन कुमार भारती इत्यादि मौजूद थे। विगत तीन दिनो से चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के मत्स्य संसाधन प्रबंधन विभाग के वैज्ञानिक व प्रशिक्षण संयोजक रोशन कुमार राम द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सजावटी मछलियों के प्रजनन, पालन एवं एक्वेरियम निर्माण हेतु व्यवहारिक एवं क्रियाशील प्रशिक्षण दिया गया ।महाविद्यालय के फिशरिज स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र आशीष कुमार राय, सत्यम कुमार झा, अजीत कुमार एवं शिवांशु भास्कर द्वारा भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी सहायता की गई। प्रशिक्षण पाकर सभी प्रशिक्षणार्थियों में काफी प्रसन्नता एवं आत्मविश्वास दिखाई दे रहा था।

## संक्षिप्त खबरें ।

### डीएम ने चापाकल मरम्मती दलों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। जिलाधिकारी वैभव चौधरी द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, सहरसा के सौजन्य से प्रखंडवार चपाकलों के साधारण मरम्मती हेतु प्रखंड स्तरीय मरम्मती दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने कहा की लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा के सौजन्य से जिलांतर्गत सभी प्रखंडों में संभावित भीषण गर्मी को दृष्टि में रखते हुए पेयजल उपलब्ध कराने हेतु क्रमशः प्रत्येक प्रखंड हेतु चापाकल मरम्मती दल का गठन किया गया है। 02 टैंकर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त ₹हर घर नल का जल योजना से संबंधित शिकायत हेतु लोक सेवा केंद्र का गठन किया गया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को नल जल विषयक प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया है। उक्त अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर प्रदीप झा, सिमरी बख्तियारपुर एसडीओ अनिशा सिंह, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, सहरसा सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी सहरसा को दिया आवेदन, लगाई न्याय कि गुहार

लोकतंत्र की आवाज
अमित कुमार

सौरबाजार ( सहरसा )संवाददाता। सौरबाजार थाना क्षेत्र के जीरोमाइल चौक सौरबाजार स्थित यदुवंशी प्रेस के प्रोपाइटर सह जदयू नेता चुनचुन यदुवंशी ने मजदूरी भुगतान को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी सहरसा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहरसा को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई हैं, आवेदन में कहा कि पैक्स चुनाव 2024 में प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेश पर वे दिवाल लेखन, विडियोग्राफी, फ्लैक्स बैनर एवं मोहर बनाकर दिया, जिसका मजदूरी आज लगभग 3 माह होने को हैं लेकिन आज तक मेरा मजदूरी का राशि प्रखंड प्रशासन के द्वारा भुगतान नहीं किया है ।

### मां चंडी स्थान मंदिर राजकीय दर्जा देने के लिए मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री ने सीएम को लिखा पत्र



लोकतंत्र की आवाज

सोनवर्षा राज सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के विराटपुर पंचायत समिति सदस्या श्रीमती गौरी कुमारी ने बीते कुछ दिन पूर्व ही मद्य निषेध,उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सादा जी , को पत्र लिखकर चंडिका स्थान को श्री चंडी महोत्सव एवं राजकीय दर्जा का मांग की थी। वहीं माननीय मंत्री ने आज माननीय मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चंडी स्थान मंदिर को राजकीय महोत्सव के लिए आग्रह किया है बताते चले कि विराटपुर पंचायत में स्थित 51 शक्तिपीठों में से एक बिहार के पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त महाभारतकाल शक्तिपीठ माँ चंडी स्थान मंदिर है। जो आस-पास के इलाके के साथ ही पूरे कोसी के आस्था का प्रतीक है। क्षेत्र के सभी लोगों को वर्षों से दशहरा मेला को ' श्री चडी महोत्सव' के रूप में राजकीय दर्जा दिए जाने की माँग करते आ रहें हैं ।

# वीरपुर में यथासंभव काउंसिल का भव्य होली मिलन समारोह आयोजित





लोक तंत्र की आवाज

- सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट गौरव कुमार सिंह और समाजसेवी संजीव मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**वीरपुर (सुपौल)।** वीरपुर अनुमंडल के +2 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के क्रीड़ा मैदान में यथासंभव काउंसिल द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि सीमा सुरक्षा बल ( रसइ ) के सेनानायक कमांडेंट गौरव कुमार सिंह और पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक तथा समाजसेवी श्री संजीव मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर की।

समारोह में ग़ज़ल गायक धीरजकांत और उनकी टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से आयोजन को यादगार बना दिया। उन्होंने होली के अवसर पर ग़ज़ल और होली गीतों की ऐसी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। धीरजकांत की गायकी ने होली की खुशियाँ और उल्लास को और बढ़ा दिया, जिससे समूचा माहौल रंगीन और उत्साहपूर्ण बन गया।

**समाजसेवी संजीव मिश्रा का प्रेरणादायक संदेशः** समारोह के विशिष्ट अतिथि और पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने कार्यक्रम में अपना संदेश दिया। उन्होंने कहा, ''आज इस पावन अवसर पर आप सभी के साथ होली मनाकर मुझे अपार खुशी हो रही है। छातापुर का बेटा होने के नाते इस क्षेत्र के विकास में योगदान देना मेरी जिम्मेदारी है। समाज की सेवा मेरे लिए हमेशा प्राथमिकता रही है, और मैं अपने निजी फंड से आगे भी समाज कल्याण के कार्य करता रहूँगा। उन्होंने यथासंभव काउंसिल की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा, ''यह संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस तरह के आयोजन न केवल समाज में आपसी भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजते हैं।''

**यथासंभव काउंसिल की पहल को मिली सराहनाः** यथासंभव काउंसिल, जो एक गैर-सरकारी संगठन के रूप में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जल-जीवन-जंगल और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम कर रहा है, ने इस होली मिलन समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। काउंसिल के सुपौल जिला संयोजक राजन चमन ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को शॉल, बुके, मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

**समारोह में उपस्थित प्रमुख गणमान्य लोगः** इस भव्य समारोह में एसएसबी 52वीं बटालियन के कमांडेंट श्री गौरव कुमार सिंह, समाजसेवी श्री संजीव मिश्रा और अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इनमें प्रमुख रूप से रुपेश कुमार, विकास कुमार, विनय मंडल, बबिता कुमारी, मोनू मिश्रा, शुभम वर्मा, हरी मिश्रा, दीपक दिलवर, आदित्य कुमार, आजाद यादव, धीरज रंजन, स्नेहा गुप्ता, सुनील कुमार, उमेश झा, संजय माझी, साधना श्री, मोनू कुमार, त्रिपुरारी झा, कोमल देवी, वर्षा पांडे, नवनित सिंह, रितिक और अन्य लोग शामिल थे।

**समाज में भाईचारे और सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावाः** यथासंभव काउंसिल द्वारा आयोजित यह होली मिलन समारोह समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए एक अहम पहल थी। इस आयोजन ने न केवल होली के उत्सव को मनाया, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ लाकर एकता और सहयोग का संदेश भी दिया।

समारोह के समापन पर संजीव मिश्रा ने सभी उपस्थित लोगों के साथ अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और इस पर्व को आपसी प्रेम और सद्भाव का प्रतीक बताया। उन्होंने सभी से इस तरह के सामाजिक आयोजनों में भाग लेने की अपील की, ताकि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सौहार्द बना रहे।

## होली और रमजान की शांतिपूर्ण मनाए जाने के लिए सोनवर्षा राज पुलिस की शांति समिति बैठक



लोकतंत्र की आवाज

**सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता।** प्रखंड क्षेत्र में आगमी होली पर्व व रमजान शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रागंण में मंगलवार को सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष अविनाश कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित गणमान्य लोगों ने अपने अपने बातों को रखते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यहाँ की जो इतिहास गंगा व यमुना कि तहजीब कि मिशाल देती है। इसके लिए लोगों ने अश्वत किया। बैठक में संबोधित करते हुए सीओ सौरभ कुमार ने शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे के गले मिलकर त्योहार मनाने की अपील किया।

वहीं थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील आमजनों से करते हुए कहा कि किसी भी तरह की कोई अफवाह पर ध्यान न दें और इस तरह की किसी तरह की सूचना मिलते ही अविलंब प्रशासन को देने की बात कहा। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहार के अवसर पर हुडदंगियों व असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सादे कपड़ों में जगह जगह पुलिस बल तैनात किया जाएगा। होली में डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही खासकर आज के युवाओं से अपील किया कि किसी भी तरह के नशे से दूर रहे। और दूसरे को भी इसके लिए प्रेरित करें। बिना नशा मुक्त हुए एक अच्छे समाज और राष्ट्र के निर्माण की कल्पना बेकार है।

बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष मनिष कुमार, अजय सिंह, राजीव कुमार सिंह मुन्ना, अरूण केडिया, अमीर राम, इंद्रानंद सिंह, सुधीर कुमार सिंह, मो अरशद, मो लाडला, परमानंद सिंह, अरूण कुमार सिंह, राजेश सादा, लल्लू साह, नागेंद्र यादव, निर्मल सिंह, मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, पप्पू अंसारी, शैलेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## तिवारी टोला से बरामद हुई महिला के शव मामले में हत्या को लेकर दर्ज हुआ मामला

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** सदर थाना क्षेत्र के तिवारी टोला स्थित मिश्रा टोली से सोमवार की अगले सुबह संध्या संदेहास्पद स्थिति में बरामद महिला के शव मामले को थाना में दर्ज कर लिया गया है। थाना में दर्ज हुए मामले में पीड़िता की मां ने महिला के पति पर हत्या के गंभीर आरोप लगाए हैं। वही पुलिस भी ससुराल पक्ष से पूछताछ कर रही है। साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। क्या कहा मृत महिला की मां ने - मृतिका की मां और बेगूसराय जिले के तेघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुरापुर पुवारी टोला, बरौनी - टू निवासी नागेश्वर मिश्र की पत्नी साधना देवी ने बताया कि वर्ष 2016 में उनकी पुत्री पूजा की शादी तिवारी टोला निवासी उपेंद्र शुक्ला के पुत्र अमृत सागर शुक्ला से की गई थी।

शुरुआती दिन में दोनों का रिश्ता काफी मधुर था। लेकिन कुछ दिन के बाद ही किसी लड़की के प्रेम में पूजा के पति अमृत सागर लगातार पूजा को प्रताड़ित करने लगे। उनके साथ मारपीट की जाती थी। उक्त लड़की के प्रेम में ही उनके दामाद ने उनके पुत्री की हत्या कर दी है। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि मृतिका की मां द्वारा महिला के पति पर हत्या को लेकर शिकायत दी गई थी। मामला दर्ज कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। कार्रवाई की जा रही है।

## केपी कॉलेज मुरलीगंज में होली मिलन समारोह का आयोजन, प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान की उपस्थिति में मनाई गई होली

लोक तंत्र कीआवाज



**मुरलीगंज।** के पी कॉलेज मुरलीगंज में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। यह खास कार्यक्रम कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने एक दूसरे के साथ रंगों से भरे इस त्योहार का आनंद लिया और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच भाईचारे, प्रेम और सद्भावना को बढ़ावा देना था। होली के इस रंगीन पर्व के माध्यम से सभी ने एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का संदेश दिया। इस आयोजन में कॉलेज के विभिन्न विभागों के शिक्षकों और छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया और एक साथ मिलकर होली का जश्न मनाया।

**प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान का संदेशः** कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान ने उपस्थित सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और इस अवसर पर कहा, ''होली का त्योहार हमें सभी भेदभाव और जातिवाद को भूलकर एकता, प्रेम और सौहार्द के साथ रहने की प्रेरणा देता है। यह समय है जब हम अपने सभी मतभेदों को भूलकर समाज में सामूहिक एकता का संदेश दें। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों को आपस में मिलकर काम करने और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने का अवसर मिलता है। यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होता है।

**रहे उपस्थित गणमान्य व्यक्ति :** इस भव्य समारोह में कॉलेज के बर्सर डॉ. प्रतीक कुमार, प्रो. महेंद्र मंडल, डॉ. अली अहमद मंसूरी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रविंद्र कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. विकास कुमार सिंह, डॉ. चंद्रशेखर आजाद, नित्यानंद पासवान, डॉ. शिवा शर्मा, डॉ. शंकर रजक, डॉ. पूनम, डॉ. संगीता सिन्हा, डॉ. अवधेश कुमार ब्याहुत, डॉ. राघवेंद्र संत कुमार, शाखा पदाधिकारी कुमार राजन, देवाशीष देव (लेखापाल), नीरज कुमार निराला सहित अन्य शिक्षकगण और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह के दौरान सभी ने एक-दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की खुशियाँ साझा कीं और इस आयोजन को यादगार बना दिया।

## होली पर्व को शांति व सौहार्द वातावरण में मनावेंः डीएसपी

लोकतंत्र की आवाज



चन्दन कुमार पासवान

**सिमरी बख्तियारपुर/ सहरसा ।** होली पर्व को शांति व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर सिमरी बख्तियारपुर डीएसपी मुकेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से निकलकर ब्लाक चौक, शर्मा चौक, पोस्ट आफिस चौक, मुख्य बाजार, स्टेशन चौक होते हुए रानी बाग पहुंचा। जहां से फ्लैग मार्च रानी होते हुए रंगीनियां, पहाड़पुर, भटौनी, तरियामा सहित पूरे थाना क्षेत्र का भ्रमण किया। मौके पर डीएसपी ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि होली पर्व को देखते हुए हमलोगों ने आमलोगों के बीच सामाजिक सौहार्द बनाने को लेकर फ्लैग मार्च किया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पर्व को शांति व सामाजिक सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने होली व रमजान महीना का सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए खुशी-खुशी से पर्व मनाने की अपील की है।

उन्होंने सड़क पर यत्र तत्र खड़ी वाहन चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क किनारे यत्र तत्र वाहन न लगाएं। अन्यथा वाहन को जब्त करते हुए वाहन चालकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार, दारोगा प्रीति कुमारी, विवेक कुमार ने कहा कि होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। किसी भी प्रकार का अफवाह नहीं फैलाएं। ज़रुरत पड़ने पर अनुमंडल प्रशासन को सूचित करें। वही फ़्लैग मार्च में पुलिस पदाधिकारी सुधीर कुमार, ज्योति कुमारी, स्नेहा कुमारी, अमरजीत कुमार व 112 की पीसीआर टीम सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही थाने की गाड़ी पीछे से सायरन बनाते चल रही थी।

## नयी ताजगी, उर्जा और उमंग का संचार करता है रंगोत्सव, मिलजुल कर मनाएं पर्व : डॉ. शैलेश

लोक तंत्र कीआवाज




- समाज में सद्भाव की प्रेरणा देता है होली : डॉ. नंद कुमार
- डी.बी. कालेज में होली मिलन समारोह आयोजित

**जयनगर ।** डी.बी. कॉलेज, जयनगर के सभागार में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन डॉ. शैलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया, समारोह के बीच सभी शिक्षको एवं कर्मियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाते हुए होली की शुभकामना दी। प्रधानाचार्य ने होली की परंपरा पर चर्चा करते हुए बताया कि, इससे समाज में सद्भाव मजबूत होता है। उन्होंने होली के इतिहास की चर्चा करते हुए इसे शांति व सौहार्द से मनाने की अपील की।

वित्त पदाधिकारी डॉ. संजय पासवान ने कहा कि, रंगोत्सव का यह पर्व सभी शिक्षकों के जीवन में खुशहाली और उमंग का रंग भरे यही मेरी शुभकामना है। परिक्षा नियंत्रक सह हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. बुद्धदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि, पर्व त्योहारों की श्रृंखला में होली सबसे अलग और खास है। विविध रंगों और जायकेदार लजीज और व्यंजनों केलिए प्रसिद्ध होली परस्पर गिले-शिकवे, वैर, द्वेष, ईर्ष्या आदि को भुलाकर एक दुसरे को गले लगाने का पर्व है होली। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि, इस तरह के आयोजन जीवन में नयी ताजगी, उर्जा और उमंग का संचार कर देते हैं। जो कभी एक दूसरे से नहीं मिल पाते उनसे मिलने का बहाना भी हैं ये पर्व। जिससे रिश्तों में भी नयी ताजगी आ जाती है।

इस दौरान मुख्य रूप से डॉ. नंद कुमार, डॉ. संजय कुमार पासवान, डॉ. बुद्धदेव प्रसाद सिंह, डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. रंजना, डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. रामप्रवेश निराला, डॉ. श्यामरूप चौधरी, डॉ. परशुराम सिंह, डॉ. ज्योति प्रकाश, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. मदन पासवान सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारी दर्जनों शिक्षक और कृष्णानंद झा, आलोक झा, अभिषेक झा, साकेत सिंह सहित दर्जनों उपस्थित रहे।

## कदवा के पूर्व प्रमुख रवि साह को भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोनीत करने से हर्ष

लोकतंत्र की आवाज



प्रवीण कुमार

**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की सहमति से एवं उपस्थित प्रादेशिक नेतृत्व के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के नए सत्र हेतु जिला के पदाधिकारी की गई घोषणा। प्रदेश जिला नेतृत्व में कटिहार जिला भाजपा कमेटी में कई जगहों को स्थान मिला है। जिससे भाजपा परिवार में काफी हर्ष व्याप्त है। जिला उपाध्यक्ष कदवा प्रखंड के पूर्व प्रमुख रवि साह सहित सीमा झा,शोभा जयसवाल, राधवेंद्र प्रताप, प्रेम प्रकाश चौधरी, आलोक मंडल, अशोक गुप्ता प्रकाश शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

आपको बताते चलें कि कदवा प्रखंड अंतर्गत सनौली निवासी रवि साह लंबे अरसे से समाज सेवक के रूप में जुड़े हुए हैं। इन्होंने अपनी पूरा जीवन समाज सेवा में न्योछावर कर दिया है। यह समाज सेवा में इतना अग्रणी भूमिका निभाई हैं कि यह पहचान के मोहताज नहीं है। उनकी पत्नी सीता देवी कदवा प्रखंड में प्रमुख पद पर रह चुकी हैं। वर्तमान में सीता देवी उप प्रमुख पद पर आसीन हैं। रवि साह कदवा प्रखंड में प्रमुख रह चुके हैं। कदवा प्रखंड के पूर्व प्रमुख रवि साह को उपाध्यक्ष बनाए जाने से कदवा प्रखंड के भाजपा नेताओं ने काफी हर्ष एवं उत्साह है। बधाई देने का सिलसिला जारी है।

प्रदेश व जिला कमेटी ने महामंत्री के रूप में रामनाथ पांडे, सौरव मालाकार, गोविंद अधिकारी को बनाया है। मंत्री के रूप में मंजू चंद्रवंशी, धर्मनाथ तिवारी, सविता शर्मा, गौरव पासवान, संजय मंडल,डिस्कीट एंगमो, नेहा किरण,हरमेन्द्र यादव पिंटू, कोषाध्यक्ष विनीता वाधवानी, कार्यालय मंत्री अजय दास एवं सुमन श्रीवास्तव को बनाया है।

# युवा संसद कार्यक्रम में 116 छात्रों का पंजीकरण

लोक तंत्र कीआवाज




**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में आगामी 20 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम की तैयारियाँ पूरी तेज़ी से चल रही हैं। इस कार्यक्रम के लिए बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. बी. एस. झा ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और युवाओं को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। कुलपति के निर्देश पर एनएसएस समन्वयक डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव ने सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों और महाविद्यालय के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग का अनुरोध किया। साथ ही, राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों को यह निर्देश दिया गया कि वे 13 मार्च तक कम से कम 50 स्वयंसेवकों का पंजीकरण सुनिश्चित करें।

**बैठक में प्रगति की समीक्षाः** बुधवार को युवा संसद कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित कोर कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में प्रधानाचार्य ने जानकारी दी कि बुधवार तक कुल 116 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीकरण करा लिया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के सभी शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विषय के कम से कम 25 विद्यार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करें। इस बैठक में नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक हुस्न जहां और संयोजक डॉ. सुधांशु शेखर भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में बीएनएमयू के कुलपति प्रो. बी. एस. झा के अलावा मधेपुरा के सांसद दिनेशचंद्र यादव, सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामत, विधानसभा उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा।

**जागरूकता कार्यक्रम का आयोजनः** युवा संसद कार्यक्रम के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए बुधवार को महाविद्यालय में विभिन्न जगहों पर जागरूकता-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में पीयर एडुकेटर रंजीत सिंह ने विद्यार्थियों को पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई विद्यार्थी मौजूद थे, जिनमें सीनेटर रंजन यादव, शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, आदित्य रमण, आलोक कुमार, वाणी कुमारी, मुनचुन कुमारी, शिवम राज, राहुल कुमार, शिवम कुमार, सत्यम कुमार, विमलेंदु कुमार, आशीष कुमार, नेहा कुमारी, वन्दना कुमारी, बांटी कुमारी, मनीषा कुमारी, काजल कुमारी, मंसूर खान, गोली कुमार, सुशांत कुमार, आशीष कुमार, अबू हमजा, नीतीश कुमार, निम्मी कुमारी, लाबिका काजमी, अंजली कुमारी, आयुष कुमार, प्रतीक कुमार और रोशन कुमार सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को राजनीतिक जागरूकता और राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर देना है, जिससे वे एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश के विकास में सक्रिय योगदान दे सकें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रखंड अध्यक्ष लोजपा रामविलास, सौरभ साह होली मिलन समारोह में शामिल



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती लोजपा प्रखंड अध्यक्ष रामविलास के सौरव कुमार साह पटना के लोजपा पार्टी के पुराने कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए। उनके साथ प्रखंड के कई पंचायत अध्यक्ष भी शामिल हुए ।इस अवसर पर चिराग पासवान सहित लोजपा के सभी वरिष्ठ नेता शामिल थे। सभी प्रखंड अध्यक्ष के साथ सौरभ कुमार साह होली मिलन समारोह में शामिल होकर चिराग पासवान को बधाई दी। अपने पीरपैंती प्रखंड के विकास के लिए कुछ मांगे भी उनसे की ।उन्होंने सहानुभूति पूर्वक मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया।

### सिरदला प्रखंड भाजपा कार्यालय का उद्घाटन सह होली मिलन समारोह आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला नवादा। प्रखंड के सिरदला बाजार स्थित पीएनबी बैंक के सामने कुमार राज गुप्ता के मकान में सिरदला भाजपा मंडल अध्यक्ष रामविलास वर्मा ने पिता काटकर भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रजौली विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता एवं सम्मानित नेताओं ने होली मिलन समारोह मनाया। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर सरोज राजवंशी, विमल राजवंशी, बबलू राजवंशी, बसंती देवी, महेश राय, सत्येंद्र चौधरी, प्रदीप कुमार, मिथिलेश शर्मा, रामस्वरूप यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष से छोटू यादव, कुमार राज गुप्ता, नीरज कुमार, मुखिया प्रतिनिधि कैलाश स्वर्णकार, रंजय सिंह, दीपक रजक, एलएलबी रजौली संदीप गुप्ता, संतोष वर्मा रजौली मंडल अध्यक्ष, मेसकौर मंडल अध्यक्ष अजय कुमार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष दिलिप् पासवान, हम प्रखंड अध्यक्ष दिलीप मांझी, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गोह अंचल में राजस्व कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से लोगों की बढ़ी मुश्किलें



लोकतंत्र की आवाज
गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर
गोह (औरंगाबाद)। राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से गोह अंचल में आमजनों की परेशानी बढ़ी हुई है।
विदित हो कि विगत दस दिनों से जिले भर के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उनके हड़ताल पर जाने से छात्र छात्राओं को जाती, आवासीय, आय प्रमाण पत्र बनाने में काफी दिक्कत हो रही है। वहीं अंचल के किसानों को मोटेशन, मालगुजारी रशीद, एलपीसी तथा राजस्व से जुड़ी सभी तरह की कार्य बाधित है। ऐसे में किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। सबसे अधिक स्कूली छात्र छात्राओं की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन अंचल कार्यालय व आरटीपीएस काउंटर की चक्कर लगा रहे हैं ।उन्हें निर्धारित तिथि के अंदर परीक्षा फार्म ऑनलाइन करना है। आवश्यक प्रमाण पत्र के अभाव में बच्चों का भविष्य अधर में लटकता जा रहा है। ऐसे में किसान से लेकर स्कूली छात्राओं में काफी उदासीनता देखी जा रही है। अब इन्हें कोई सटीक उपाय समझ में नहीं आ रहा है। इसके लिए अखबार के माध्यम से उन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए जल्द समस्या के सामाधान को पूर्ण करने का आह्वान किया है।

### सीतापुर: विद्युत स्पर्शाघात से अबोध बालक की हुई मौत



लोकतंत्र की आवाज
सीतापुर
राकेश पाण्डेय। जिले के थाना रेउसा क्षेत्र में विद्युत स्पर्शाघात को लेकर एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बताते हैं कि थाना रेउसा क्षेत्र के रण्डा कोंडर ग्राम सभा के मजरे गौढ़ी में मंगलवार की देर रात एक छः वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राकेश यादव के पुत्र दिवांश के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब दिवांश घर की वायरिंग में लगे एसी करंट के नंगे तार के पास खेल रहा था। खेलते समय अचानक उसका पैर तार से छू गया और वह तुरंत जमीन पर गिर पड़ा। परिवार के लोग कुछ समझ पाते,इससे पहले ही बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। बच्चे की अचानक मौत से पूरे परिवार में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए ।पीड़ित परिजनों ने अपनी इच्छा से बिना पोस्टमार्टम के बच्चे के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### बिजनौर सड़क किनारे चल रहे व्यक्ति को बाइक सवार ने मारी पीछे से टक्कर

लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट महताब अहमद
मंडावर । थाना क्षेत्र मे मंगलवार की रात को सड़क किनारे जा रहे ग्रामीण को पीछे से आ रहे बाईक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमे ग्रामीण व बाईक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गांव खानपुर माधो उर्फ तिमरपुर निवासी धर्मपाल मंगलवार की रात आठ बजे के करीब अपने घर से कुछ सामान लेने दुकान पर जा रहे थे। तभी मंडावर की और से चंदक की और जा रहे बाईक सवार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी ।जिसमे धर्मपाल निवासी खानपुर माधो व बाईक सवार विकास कुमार, गौरव कुमार निवासी किरतपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद धर्मपाल के परिजन व ग्रामीण मौके पर हे पहुंच गए जैसे ही सूचना मिलते ही सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनो घायलों को जिला अस्पताल भिजवाकर भर्ती कराया।

# आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन नहीं तो सीएम झारखंडी कैसे : पुष्कर महतो

## 24 मार्च को विधानसभा का घेराव करने का निर्णय



लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) । अल्फ्रेड आइंद संरक्षक, खोरस केरकेट्टा अध्यक्ष , सोमरी देवी उपाध्यक्ष, पुनई उराँव महासचिव चुने गए ,गुमला– झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला के तत्वावधान में झारखंड आंदोलनकारियों का एकदिवसीय सम्मेलन का आयोजन जयपुर रोड स्थित करौंदी बगीचा में किया गया. सम्मेलन में 24 मार्च 2025 को झारखंड आंदोलनकारी के राजकीय मान सम्मान अलग पहचान रोजी रोजगार एवं नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को सम्मान पेंशन राशि 50–50 हजार रु सम्मान के साथ जीने के लिए देने की मांग को लेकर किया जाएगा. इसके अतिरिक्त विस्थापितों को भू अर्जन अधिनियम के तहत पुनर्वास मुआवजा एवं नियोजन देने की मांग की जाएगी.

सम्मेलन के दौरान जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया. अल्फ्रेड आइंद्,संरक्षक खोरस केरकेट्टा अध्यक्ष, सोमारी देवी– उपाध्यक्ष, पुनई उरांव– महासचिव, सुजात तोप्पो कोषाध्यक्ष, विजय उरांव , मंजू सरोजिनी मिंज जुवेल टोप्पो–सचिव, भोलानाथ सिंह आलोक लकड़ा प्रकाश उरांव किशोर गिद्ध, नीलू देवी, बीरू उराँव– उपसचिव, देवकी, कोलिस्तान टोप्पो, सोमरा उरांव, सिलबीरुयूश तिग्गा, राजेश्वर उरांव, मार्शेल लकडा, पुष्पा लकडा, सबिता देवी, रानी उरांव, सुषमा केरकेट्टा, प्रतिमा कुजुर व पोल लकडा को कार्यकारी सदस्य के रूप में चुना गया.

मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि गुमला वीरों व संघर्ष करने वालों की धरती है. इस क्षेत्र के लोगों ने अपने हक और अधिकार व पहचान के लिए, अन्याय, अत्याचार ,दमन के खिलाफ संघर्ष किया है. आज भी अगर हमारे बाल बच्चों के अधिकारों के ऊपर हमला होगा हमें अपने मौलिक अधिकारों से वंचित रखा जाए तो इसी गुमला की धरती से एक और उलगुलान जबरदस्त होगा. राज्य में आंदोलनकारियों के गौरव पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन है. प्रधानमंत्री हिमांशु झारखंड में कार्यों को राजकीय मान सम्मान अलग पहचान झारखंड आंदोलनकारियों के पुत्र पुत्रियों को रोजी रोजगार व तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग सीधी नियुक्ति, जेल जाने के बाध्यता को दूर करते हुए सभी को सम्मान पेंशन राशि 50–50 हजार रु, मेडिकल सुविधा नहीं देते हैं तो 24 मार्च 2025 विधानसभा का घेराव करेंगे मुख्यमंत्री का कनाइठी लगाने का भी काम करेंगे. जिस प्रकार हमारा पुत्र पढता नहीं, काम नहीं करता है तो उसे छेकनी से भी मारने का काम करते हैं. आज झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति आदिम जनजाति की तरह विलुप्त होता जा रहा है. हम अपने अस्तित्व अस्मिता एवं पहचान व अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करें.

केंद्रीय कोषाध्यक्ष सरोजिनी कच्छप ने कहा कि सरकार हमारे संघर्ष से झुकेगी. अपना संघर्ष जारी रखना है जब तक हमारे बाल बच्चों एवं आंदोलनकारियों का अधिकार नहीं मिल जाता है. दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के सह प्रभारी अंथन लकड़ा ने कहा कि झारखंड को बेहतर राज्य बनाना एवं समृद्ध शाली राज्य बनाना हम सभी झारखंड आंदोलनकारियों एवं झारखंडियों का दायित्व है. कार्यक्रम का संचालन दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की ने की।

## भागलपुर: एसएनजी कमांडो को थप्पड़ मारनेवाला पुलिस पदाधिकारी की मुश्किलें बढ़ सकती है



लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

भागलपुर। भागलपुर में पुलिस द्वारा एनएसजी कमांडो को पीटने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है लेकिन पुलिस के आलाधिकारियों ने अब तक थप्पड़बाज दारोगा पर कोई कार्रवाई नहीं कि है। पुलिसकर्मियों से जलील हुए एनएसजी कमांडो जगह जगह न्याय की गुहार लगा रहे हैं। वहीं आज भागलपुर के व्यवहार न्यायालय में थप्पड़ मार दरोगा और पुलिस कर्मियों के खिलाफ नालसी दायर किया गया है। अब कमांडो को न्यायाधीश से न्याय का भरोसा है। वहीं पीड़ित कमांडो ने आईजी विवेक कुमार को भी आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद से वह काफी परेशान है। सही से जी नही पा रहा है। उसे न्याय चाहिए हमने कोई गलती नही की थी बावजूद हमपर अत्याचार किया गया हाजत में बन्द रखा गया। इस मसले पर कोई भी अधिकारी मीडिया पर कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं।

देश की सुरक्षा में तैनात कमांडो के साथ दारोगा और पुलिसकर्मी इस तरह की शर्मनाक हरकत करते हैं बावजूद प्रशासन उसे बचाने में जुट जाती है और निर्दोष को ही जेल भेज देने की धमकी देती है। पीड़ित पक्ष के वकील राजीव सिंह ने कहा की इस घटना ने भागलपुर का सिर शर्म से झुका दिया है। मामूली विवाद को लेकर ट्रैफिक पुलिस को किसी को पकड़ कर हाजत में बन्द कर देने का अधिकार किसने दिया है पुलिसकर्मियों ने बेहद शर्मनाक हरकत की है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष मामला दर्ज किया गया है दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस के बर्बरता के पूरे सबूत हैं न्यायालय पीड़ित को न्याय देगी।

विदित हो कि बीते मंगलवार को जोग्सर थाना क्षेत्र अंतर्गत जिला स्कूल के समीप पार्किंग में गाड़ी करने को लेकर मामूली से विवाद को लेकर जाकर थाना के दरोगा और पुलिस जवानों ने आपा खोया और एनएसजी कमांडो शुभम को थप्पड़ और मुक्के से मारा। इतना ही नहीं उसे हाजत में लेकर गए 8 घंटे तक उसे बंद रखा उसके साथ बर्बरता की।

## बरहरवा: ट्रक के धक्के से बिजली पॉल क्षतिग्रस्त, बाल बाल बचें राहगीर



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
बरहरवा। बरहरवा–फरक्का मुख्य मुख्य पथ में सिराशिन चौक के पास सोमवार शाम एक ट्रक के धक्के से बिजली पॉल क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार एनएच 80 के बगल में खोदकर पाइप डाला जा रहा है। लेकिन मिट्टी को खोदकर एनएच 80 में फेंका जा रहा है। जिससे सड़क में जाम की समस्या उत्पन्न हो रहा है। साथ ही राहगीर हादसे का शिकार हो रहे है। परंतु पानी कही और जाएगा लेकिन आम राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही, बीते कल रामनगर के पास सड़क में मिट्टी के कारण लंबा जाम लगा था। उधर, ग्रामीणों ने कालू पंचायत के पंचायत समिति सदस्य को मामले की जानकारी दिया। उन्होंने इसे लेकर बिजली विभाग के एसडीओ सत्यम मरांडी से कानूनी कार्यवाही करने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन व राज्य सरकार के वरीय अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर रहे हैं।

## बिजनौर होली पर बाजार में रंगों से गुलजार हुई दुकानें



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट रोहित कुमार
नजीबाबाद। होली के त्योहार को लेकर बाजार गुलजार नजर आ रहे है, बाजारों में खरीदारी शुरू हो गई है। देर रात तक रौनक दिखाई दे रहे है। कई स्थानों पर रंग की दुकानें भी सजी है। बच्चों के साथ ही युवा भी जमकर खरीदारी कर रहे हैं। 13 मार्च को होलिका दहन के बाद 14 मार्च को रंग खेला जाएगा। होली पर हर घर में पकवान बनाए जाते हैं। सबसे ज्यादा गुझिया बनाने का क्रेज है। ऐसे में महिलाओं ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। महिलाएं पकवान बनाने का सामान खरीद रही हैं तो बच्चे व युवा रंग–पिचकारी आदि की खरीदारी करते नजर आ रहे हैं, दुकानों पर भीड़ लगी हुई है।

बुधवार को भी लोगों ने खरीदारी की, दुकानों पर दिनभर भीड़ लगी रही। कपड़े के अलावा मिठाई की दुकानों पर भी खरीदारी करने वालों की खासी भीड़ रही। नजीबाबाद के कल्लूगंज, चौक बाजार के अलावा सीकेआई चौक, रायपुर मार्ग पर कई जगह रंग की दुकानें सजी हैं। बच्चे मोटू–पतलू और कार्टून वाली पिचकारी खरीद रहे हैं और उन्हें खूब पसंद भी आ रही है। वहीं युवाओं को मोदी–योगी के मुखौटे भी पसंद आ रहे हैं। रंग कारोबारियो ने बताया कि इस बार केसरिया व हरे रंग के गुलाल की डिमांड ज्यादा है, नेताओं व अभिनेताओं के मुखौटे भी युवाओं की पहली पसंद बने हैं। वही बात करे तो तो केमिकल युक्त और मिलावटी रंग की तो स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से सख्त नजर आ रहा है, अभी हाल ही में सीओ नजीबाबाद ने रंग की दुकानों पर चेकिंग करते हुए केमिकल युक्त रंगों की बिक्री ना करने और कही केमिकल युक्त रंग मिलने पर कार्यवाही की चेतावनी दी थी।

## प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा के कार्यकर्ताओं ने अबीर गुलाल लगाकर लोगों को दी बधाई

- प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा के जिला अध्यक्ष विंदेश्वरी शर्मा ने अपने बड़ही समाज के लोगों को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी



लोकतंत्र की आवाज

गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर
गोह (औरंगाबाद)। प्रखंड मुख्यालय के रफीगंज रोड स्थित एक मैरेज हॉल में बुधवार को प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा के कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया।यह कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष सिकेंदर शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा के जिला अध्यक्ष विंदेश्वरी शर्मा ने अपने बड़ही समाज के लोगों को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी।

उन्होंने कहा कि होली आपसी सौहार्द एवं भाइचारे का पर्व है। इसमें सभी मतभेद को दूर कर एक भाईचारे का संदेश स्थापित करें। किसी भी कार्य में समाज के लोगों को एकजुट होना जरूरी है। समाज के विकास के लिए एकता ही बल प्रदान करता है। इस लिए सभी लोग अपने घर में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व को मनाएं। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत कर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए लोग अपने में हर्ष जाहिर किया है। इस मौके पर विजय शर्मा, त्रिलोकी नाथ मिस्त्री, राजेश शर्मा, अनिल मिस्त्री, श्रीकांत शर्मा, राजू कुमार, अरुण कुमार शर्मा, रंजीत कुमार, हजारी शर्मा, संजय शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## ई. मनोज झा के फर्म हाउस सोहागमाड़ो में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित



लोक तंत्र कीआवाज

- सिकटी विधानसभा क्षेत्र और जिले के प्रमुख हस्तियों का उमड़ा जनसैलाब, राजनीतिक विभाजन को दरकिनार कर सभी ने मनाया भाईचारे का पर्व

सिकटी। सिकटी विधानसभा क्षेत्र के डेढ़ुआ पंचायत के सोहागमाड़ो स्थित वरीय समाजसेवी और महागठबंधन के प्रबल दावेदार ई. मनोज झा के फर्म हाउस में एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सिकटी विधानसभा क्षेत्र के अलावा जिलेभर की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर रंगों से भरी होली, मिथिलांचल के पारंपरिक होली गीतों और अबीर गुलाल के साथ समारोह की रंगीनियत ने माहौल को जीवंत कर दिया।

समारोह का आरंभ ई. मनोज झा द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए अबीर गुलाल लगाकर किया गया। उनकी उपस्थिति में आयोजित इस महफिल ने सभी को एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस आयोजन ने यह साबित किया कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि यह एकता और प्रेम का प्रतीक भी है।

**मिथिलांचल की सांस्कृतिक धरोहर का जश्न :** समारोह के दौरान मिथिलांचल के प्रसिद्ध होली गीतों का प्रस्तुतिकरण हुआ, जिसने महफिल को और भी रंगीन बना दिया। संगीत और नृत्य के इस जीवंत प्रदर्शन ने उपस्थित लोगों को एक नई ऊर्जा दी। होली के इस पर्व ने न केवल रंगों से बल्कि लोक गीतों और सांस्कृतिक प्रदर्शन से भी मिथिलांचल की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवित किया।

**राजनीतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक:** यह आयोजन राजनीतिक दलों से ऊपर उठकर हुआ, जिसमें विभिन्न दलों के नेता और कार्यकर्ता शिरकत करने आए। राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल अविनाश आनंद, राजद प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, और जिले की अल्पसंख्यक बिरादरी के कई प्रमुख लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। समारोह में समग्र मिथिला चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े ट्रस्टियों ने भी भाग लिया और अपने योगदान से इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया। यह एकता और भाईचारे का प्रतीक था, जहां हर दल और समुदाय ने बिना किसी भेदभाव के एक साथ होली का आनंद लिया।

**मुखिया संतोष झा का आभार और संदेश:** कार्यक्रम में ई. मनोज झा के अनुज और देढुआ पंचायत के मुखिया संतोष झा ने समारोह में शामिल सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ₹यह आयोजन समाज की एकता और भाईचारे को मजबूत करने का एक शानदार अवसर है। हम सबको इस प्रकार के आयोजनों में हिस्सा लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए।

**ई. मनोज झा का संदेश :** समारोह के अंत में ई. मनोज झा ने कहा, ₹होली केवल एक रंगीन त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमें भेदभाव, जातिवाद और अन्य सामाजिक विघटन से ऊपर उठकर एकजुट होने की प्रेरणा देता है। हम सबको मिलकर समाज में सद्भाव और प्रेम का माहौल बनाना चाहिए।

**समारोह का महत्व:** ई. मनोज झा के द्वारा आयोजित यह होली मिलन समारोह न केवल एक रंगीन उत्सव था, बल्कि यह समाज में सांस्कृतिक समरसता, एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इस आयोजन ने विभिन्न राजनीतिक दलों, समुदायों और जातियों के लोगों को एकजुट किया और एक साथ मिलकर इस पर्व को मनाने का संदेश दिया। इस प्रकार के आयोजन यह साबित करते हैं कि त्योहारों का असल उद्देश्य समाज को जोड़ना है, और यह समारोह इस बात का प्रतीक बना कि हम सभी अपने भेदभाव और विभाजन से ऊपर उठकर सामूहिकता के साथ एक स्वस्थ समाज की दिशा में बढ़ सकते हैं।

# ट्रक की चपेट में आने से सेवानिवृत्त शिक्षक समेत दो की मौत





लोकतंत्र की आवाज

मांझी (सारण)। दाउदपुर थाना क्षेत्र में स्थित छपरा–सिवान मुख्य मार्ग पर बनवार रेल ओवरब्रिज पर बुधवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने एक ऑटो व बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो सवार एक महिला और बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक समेत एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतकों की पहचान बरेजा गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक हरेंद्र ठाकुर के रूप में हुई है, जो फिलहाल, मांझी में बीआरपी के पद पर कार्यरत थे। वहीं मृत महिला की पहचान देरशाम कोपा थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी कुमी यादव की पत्नी सुनैना देवी के रूप में हुई। वह अपने मायके, दाउदपुर थाना क्षेत्र के जगतियां गांव से ससुराल लौट रही थीं और बसडीला में ऑटो बदलने वाली थीं, लेकिन इससे पहले ही दुर्घटना की चपेट में आ गईं।

घायलों में ऑटो चालक जलालपुर क्षेत्र का निवासी बताया जाता है, जबकि दूसरी घायल महिला शीतलपुर गांव निवासी योगेश्वर महतो की पुत्री पूजा कुमारी है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घटना उस वक्त हुई जब दाउदपुर की ओर से एक ऑटो बनवार रेल ओवरब्रिज से होकर छपरा की ओर जा रहा था और उसके बगल से एक बाइक भी गुजर रही थी। इसी दौरान छपरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो बाइक से टकरा गया और दोनों वाहन पलट गए।

घटना की सूचना मिलते ही दाउदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय मुखियापति ध्रुवदेव गुप्ता व ग्रामीणों की मदद से घायलों को एकमा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हरेंद्र ठाकुर और सुनैना देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायलों को बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक का पीछा कर चालक को गिरफ्तार कर लिया और ट्रक समेत क्षतिग्रस्त ऑटो व बाइक को जब्त कर लिया है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।